आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 193 | हापुड़ ,बुधवार 29 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है - पीएम मोदी

भुवनेश्वर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्कर्ष ओडिशा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आए लोगों को भारत की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि यह ओडिशा के इतिहास में सबसे बड़ा निवेशक शिखर सम्मेलन है - 5 से 6 गुना अधिक निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार को बधाई देता हूं। मेरा मानना है कि पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भारत का वैश्विक विकास में बहुत बड़ा योगदान था, तो भारत के पूर्वी हिस्से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार का मुख्य केंद्र हुआ करते थे। पीएम मोदी ने कहा, 2025 की शुरुआत में जनवरी में ओडिशा की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कुछ दिन पहले, मैं प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम का हिस्सा था, और आज मैं यहां उत्कर्ष




ओडिशा कॉन्क्लेव में हूं। मैं ओडिशा के लोगों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर थे, तो उन्होंने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में है। ओडिशा के पास एक विरासत है, जो इसे दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ती है। इस सदी में ओडिशा फिर से उस विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ओडिशा में हमारी सरकार लगातार नई-नई संभावनाओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। यहां हमारी हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार ओडिशा को उद्योगों का हब बनाने की कोशिश कर रही है। ओडिशा ब्लू इकोनॉमी के नाम पर भी देश के शीर्ष राज्यों में शामिल होने जा रहा है। हम भारत में एक ऐसी सप्लाई चेन बनाएंगे जिससे विश्व में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर न पड़े। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कोई भी इंडस्ट्री अत्यधिक तकनीक के बिना आगे नहीं बढ़ सकती है। हमारी सरकार अर्थव्यवस्था की गति को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। हम लगातार एक ऐसी दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे हमारे उद्योगों को फायदा पहुंचे। हमें पूरा विश्वास है कि ओडिशा समृद्ध होगा। इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। यहां हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति पाई जाती है। यह राज्य विकास और विरासत का अद्भुत मॉडल है। इस भाव के साथ ही हम लोगों ने जी-20 में कई तथ्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उत्कर्ष ओडिशा में हमें पर्यटन उद्योग से जुड़े तथ्यों को प्रस्तुत करना है। हमें इको-टूरिज्म को विस्तृत करना है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज के समय में अनुसंधान और नवाचार की आवश्यकता है। सरकार अनुसंधान के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए काम कर रही है और इसके लिए एक विशेष फंड भी तैयार किया गया है। उद्योगों को आगे आना चाहिए और सरकार के साथ काम करना चाहिए, यह सभी की अपेक्षा है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में बड़े-बड़े निवेशक और कलाकार भारत की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। आप सभी दुनिया भर में यात्रा करते हैं और दुनिया भर के लोगों से मिलते हैं। आज, भारत को समझने की जिज्ञासा बढ़ रही है, जिसे आप हर जगह अनुभव करते हैं। भारत को समझने के लिए ओडिशा एक आदर्श स्थान है। इसमें हजारों साल की विरासत और इतिहास है। आध्यात्मिकता, घने जंगल, पहाड़ और महासागर, सब कुछ एक ही स्थान पर अनुभव किया जा सकता है।

## कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बाघ के हमले में जान गंवाने वाली महिला के परिजन से मुलाकात की

वायनाड । केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को उस महिला के परिवार से मुलाकात की जिसकी पिछले सप्ताह इस जिले में बाघ के हमले में मौत हो गई थी। कांग्रेस पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी कन्नूर हवाई अड्डे पहुंचीं और वहां से सड़क मार्ग से वायनाड पहुंचीं। प्रियंका गांधी अपराह्न करीब 1.15 बजे राधा के घर पहुंचीं और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। बाघ ने राधा पर 24 जनवरी को मनंतवडी गांव में प्रियदर्शिनी एस्टेट में उस समय हमला किया था जब वह वहां कॉफी बीन्स इकट्ठा करने गई थी। वन अधिकारियों ने बताया कि राधा पर हमला करने वाला बाघ सोमवार को केरल के वायनाड जिले में मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि बाघ के पोस्टमार्टम से उसके पेट में पीड़ित महिला के बाल, कपड़े और एक जोड़ी बालियां होने का पता चला है। वायनाड सांसद प्रियंका गांधी पार्टी के पूर्व जिला पदाधिकारी एन. एम. विजयन के परिवार से भी मिलेंगी, जिन्होंने अपने बेटे के साथ कथित तौर पर आत्महत्या



कर ली थी। विजयन (78) वायनाड जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) के कोषाध्यक्ष थे।

आत्महत्या का प्रयास करने के बाद विजयन और उनके बेटे जिजेश (38) की 27 दिसंबर, 2024 को कोझिकोड सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मृत्यु हो गई थी।

इस घटना को लेकर राज्य में एक राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया है। राज्य में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने आरोप लगाया है कि विधायक आई सी बालाकृष्णन से जुड़े एक सहकारी बैंक नौकरी घोटाले की वजह से दोनों ने यह कठोर कदम उठाया। इसके बाद बालाकृष्णन और डीसीसी अध्यक्ष एन डी अप्पाचन सहित जिले के प्रमुख कांग्रेस नेताओं को मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया और उन्हें बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया क्योंकि उन्होंने अदालत से अग्रिम जमानत प्राप्त कर ली थी। सूत्र ने बताया कि बाघ के हमले में जान गंवा चुकी राधा के परिवार से मिलने के बाद प्रियंका गांधी दोपहर में कलेक्ट्रेट में एक बैठक करेंगी।

## देश का खजाना चंद अरबपतियों पर लुटाया जा रहा - केजरीवाल




नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर देश का खजाना चंद अरबपति दोस्तों पर लुटाने का आरोप लगाया है। श्री केजरीवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अहम मुद्दे पर आज एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने बताया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जो केंद्र सरकार है, वह देश के चंद अरबपति दोस्तों पर सारा खजाना लुटा रही है। उन्होंने कहा कि पहले अपने अरबपति दोस्तों को कर्ज देते हैं, फिर माफ कर देते हैं। अभी तक करीब 500 अरबपति दोस्तों के 10 लाख करोड़ कर्ज माफ कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्ज माफ करना है तो मध्यम वर्ग और किसान का माफ करे। मध्यम वर्ग साल में 12 लाख रुपये कमाता है और उसकी आधी कमाई अलग अलग प्रकार के टैक्स भरने में चला जाता है और बदले में उसे कुछ नहीं मिलता है। उन्होंने किसी भी अरबपति के कर्ज को माफ ना करने की माँग की है। उन्होंने कहा, मैंने हिसाब लगाया है, अगर अमीरों का लोन माफ न किया जाए तो टैक्स की दरें आधी हो जाएंगी। जीएसटी आधी हो सकती है और खाने के समान पर लगने वाली जीएसटी को भी माफ किया जा सकता है।

## गहराता जा रहा है जल संकट पर विवाद, चुनाव आयोग ने आतिशी और मान को बुलाया

नई दिल्ली । यमुना में बढ़ते अमोनिया के स्तर को लेकर अब जल विवाद और बढ़ता जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने भाजपा और केंद्र सरकार के साथ-साथ हरियाणा सरकार पर भी साजिशन अमोनिया का पानी यमुना नदी में छोड़ने का आरोप लगाया है। वहीं हरियाणा सरकार ने भी इसे चुनावी स्टंट करार देते हुए केजरीवाल के खिलाफ गलत बयानी पर मानहानि का दावा करने की बात की है। इस मुद्दे को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा था और उनसे मिलने का समय मांगा था। जिस पर उन्हें 28 जनवरी मंगलवार को शाम 4 बजे का समय दिया गया है। आतिशी के मुताबिक हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश के समय यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर सामान्य से 6 गुना अधिक बना हुआ है। ऐसे स्तर मानव शरीर के लिए बेहद विषैले होते हैं। इस पानी को ट्रीट करके दिल्ली के लोगों को सप्लाई नहीं किया जा सकता। अन्यथा उनकी जान खतरे में पड़ जाएगी। आतिशी के मुताबिक इस जहरीले पानी को दिल्ली में आने से रोकने के लिए एक बार फिर चुनाव आयोग को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। आतिशी की चिट्ठी पर अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आज 4 बजे चुनाव आयोग ने मिलने का समय दिया है। आतिशी और मान को मिलने के लिए बुलाया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने ये कन्फर्म किया है कि दिल्ली के अंदर जो पानी आ रहा है उसमें अमोनिया नाम का जहर मिक्स आ रहा है। इसी मुद्दे पर आज 4 बजे भगवंत मान और आतिशी को चुनाव आयोग ने मिलने का टाइम दिया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरे को डरा रहे हैं कि केस कर देंगे। कोई कसर छोड़ रखी है तुम लोगों ने, जेल भेज दिया अब क्या फांसी पर चढ़ाओगे? उन्होंने कहा कि क्या तुम जनता को मारना चाहते हो, दिल्ली की जनता को तुम जहर का पानी पिलाओगे और केजरीवाल आवाज उठाएगा तो डराओगे। लेकिन मैं दिल्ली की जनता को मरने नहीं दूंगा। मैं जहर का पानी नहीं पिलाऊंगा। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री से कहा कि सैनी साहब अपनी पार्टी को समझाओं कि पानी पिलाने का पुण्य होता है। वहीं चुनाव आयोग को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ के नोट में सूचीबद्ध तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि डीजेबी जल उपचार संयंत्र केवल 1 पीपीएम स्तर तक अमोनिया के उपचार के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। नोट इस तथ्य की ओर भी इशारा करता है कि हरियाणा से यमुना नदी के माध्यम से दिल्ली आने वाले पानी में हरियाणा से अनुपचारित सीवेज या औद्योगिक अपशिष्ट के मिश्रण के कारण अमोनिया का स्तर लगातार बढ़ गया है, पिछले दो दिनों में स्तर 7 पीपीएम से अधिक यानी 700 तक बढ़ गया है जो ट्रीटमेंट करने लायक नहीं है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया के इन जहरीले स्तरों ने दिल्ली के जल उपचार संयंत्रों को प्रभावी ढंग से पानी का उपचार करने में लगभग असमर्थ बना दिया है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली के लगभग 34 लाख लोगों के लिए पानी की आपूर्ति में 15 से 20 प्रतिशत की कटौती हो गई है। पीने के पानी में अमोनिया का उच्च स्तर स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकता है, जिससे गुर्दे की क्षति, श्वसन संकट और यहां तक कि दीर्घकालिक अंग क्षति जैसी बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने लिखा है कि कच्चे पानी की आपूर्ति में अमोनिया छोड़ने के जहरीले प्रभावों को जानने के बावजूद, दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ के नोट में कोई संदेह नहीं है कि यह हरियाणा से अनुपचारित सीवेज और औद्योगिक कचरे के अंधाधुंध और जानबूझकर डंपिंग के कारण है जो वर्तमान जल आपूर्ति संकट का कारण बन रहा है।

## तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले भी अब संगम में डुबकी लगा रहे- योगी आदित्यनाथ

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यंमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना तंज किया कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले लोग भी अब त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित 'महाकुंभ समागम' में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जो लोग पहले भारत की आस्था को सम्मा न नहीं देते थे, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते थे, वे लोग भी अब प्रयागराज में त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। मुख्यहमंत्री ने कहा ''यह अच्छी बात है और प्रयागराज तो सबका है, आस्थाु सबकी है।'' समाजवादी पार्टी के



अध्यतक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यरमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार, 26 जनवरी को संगम में 11 बार आस्थाक की डुबकी लगाई थी। विपक्षी दलों के लोगों के कुंभ स्नान के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा ''सनातन पहले भी था, आज भी है और इसी प्रभावी ढंग से यह यात्रा आगे बढ़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्योंय के साथ कुंभ स्नोन किया था। इसको लेकर विरोधियों के आरोपों पर उन्होंने कहा जाकी रही भावना, जैसी प्रभु मूरत देखि तिन तैसी। मुख्यमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा देश दुनिया के कोटि कोटि श्रद्धालुओं द्वारा किये जा रहे पावन स्नायन और सनातन में उनकी आस्था ने उन लोगों को भी पवित्र डुबकी लगाने के लिए बाध्य कर दिया जिनकी इसमें आस्था ही नहीं थी। ऐसे लोगों को यह सोच कर अपने पुरोधाओं की प्रतिमा स्था पित करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि इस स्थान का महत्वर है और इसको नजरअंदाज नहीं करना है।'' संगम में सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थौपक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थाकपित की है। अखिलेश यादव ने संगम स्नाान के बाद अपने पिता की प्रतिमा पर माल्यापर्पण किया था। मुख्यमंत्री यहां टाइम्स समूह के चैनल 'नवभारत' द्वारा आयोजित 'महाकुंभ समागम' में सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा प्रयागराज में पिछले 15 दिनों में 16 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में अगले 30 दिनों तक आयोजन चलना है। मेरा अनुमान है कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी होगी। इसमें केवल भारत की आस्था ही नहीं, संस्कृति के गौरव का दर्शन करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

## मौनी अमावस्या स्नान पर्व से पहले ही प्रयागराज में श्रद्धालुओं का सैलाब

महाकुंभनगर । महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिये देश विदेश के कोने कोने से आ रहे श्रद्धालुओं की भीड़ से प्रयागराज की सड़कें पट गयी हैं। मेला प्रशासन ने बुधवार को मौनी अमावस्या पर आठ से दस करोड़ लोगों के संगम में स्नान का अनुमान जताया है। मौनी अमावस्या पर स्नान ध्यान का क्रम रात 12 बजे से ही शुरु हो जायेगा,वैसे महाकुंभ क्षेत्र में पहले से ही रात दिन श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने जनसैलाब के मद्देनजर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। एंबुलेंस और पुलिस वाहन के अलावा सभी प्रकार के वाहनों को मेला क्षेत्र के लिये प्रतिबंधित कर दिया गया है। शहर के सभी स्कूल कालेज मौनी अमावस्या





के दिन बंद रहेंगे। मौनी अमावस्या के दिन भोर से ही 13 अखाड़ों के साधु संतों के स्नान का क्रम शुरु होगा जो कि देर दोपहर तक जारी रहेगा। इस विहंगम दृश्य के साक्षी बनने के लिये हर श्रद्धालु जिज्ञासु है। श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पिछले 17 दिनों में महाकुंभ में 15 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं जो कि अब तक का एक रिकार्ड है। मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ लोगों के आगमन का अनुमान है। महाकुम्भ 2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। महाकुम्भ में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं और चप्पे चप्पे पर पुलिस की निगरानी है।

## दिल्ली चुनाव प्रचार के बीच राहुल गांधी ने वाल्मीकि मंदिर में की पूजा-अर्चना

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर जाकर दर्शन किया और देश की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। महर्षि वाल्मीकि मंदिर में दर्शन करने के उपरांत राहुल गांधी ने निकटवर्ती बस्ती में नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। दरअसल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में निजीकरण और संविदा नियुक्ति की नीति ने कई लोगों को बेरोजगार कर दिया है और हजारों लोगों को उचित वेतन नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान राहुल गांधी ने उनके साथ बातचीत में कहा कि निजीकरण और संविदा नियुक्तियां वंचितों के अधिकार छीनने के हथियार हैं। इसे नियंत्रित कर लोगों को उनके



अधिकार दिलाना हमारा लक्ष्य है। दरअसल, दिल्ली विधानसभा का चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। सभी राजनीतिक दल प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इस कड़ी में आज राहुल गांधी कांग्रेस के नई दिल्ली के उम्मीदवार संदीप दीक्षित, अनिल चौधरी (पटपड़गंज) और अरीबा खान (ओखला) के लिए प्रचार करेंगे। आज महर्षि वाल्मीकि मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने दलित बहुल इलाके की महिलाओं से बातचीत की। संदीप दीक्षित के प्रचार अभियान में राहुल गांधी का इस तरह से शामिल होना जमीन के लोगों से जुड़ने के रूप में देखा जा रहा है। राहुल गांधी इससे पहले भी पार्टी उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में पदयात्रा कर चुके हैं। आज वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना करना और यहां की महिलाओं के साथ उनकी बातचीत को दलित समुदाय के अधिकारों और चुनौतियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।पिछले महीने बेलगावी (कर्नाटक) में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक और इस महीने वहां हुई रैली में भी बाबा साहेब आंबेडकर और दलितों के मुद्दे को कांग्रेस ने प्रमुखता से उठाया था।

बाबा साहेब की जन्म स्थली महू में भी कल कांग्रेस ने एक रैली की थी, जिसमें बाबा साहेब आंबेडकर और दलितोत्थान के मुद्दों को धार देने का पुरजोर प्रयास किया।

## बजट सत्र 31 जनवरी से, राष्ट्रपति मुर्मू संसद के संयुक्त सत्र को करेंगी संबोधित, एक फरवरी को आएगा बजट

नई दिल्ली । संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन शनिवार एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरु हो जाएगी। संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी। इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सोमवार से दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हो जाएगी। लोकसभा ने इसके लिए फिलहाल दो दिन (3-4 फरवरी) आवंटित किए हैं, जबकि राज्यसभा ने बहस के लिए तीन दिन निर्धारित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बजट सत्र के सुचारू संचालन के मद्देनजर चर्चा के लिए 30 जनवरी को संसद में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बजट सत्र के पहले चरण में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें प्रस्तावित हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी को अवकाश के लिए स्थगित हो सकते हैं और विभिन्न मंत्रालयों व विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा के लिए 10 मार्च को फिर से मिलेंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और इसके 4 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। बजट सत्र में कुल 27 बैठकें प्रस्तावित है।

# संपादकीय

## इस बाग से जुड़ी हैं दर्द भरी यादें

अमृतसर पंजाब का सबसे पवित्र शहर माना जाता है और इसका रिश्ता भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से भी रह चुका है। अमृतसर अपने पर्यटन स्थल के लिए भी मशहूर है। अमृतसर का जलियांवाला बाग भी उनमें से एक है। अमृतसर के जलियांवाले बाग में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का सबसे बड़ा हत्याकाण्ड शुमार है। पंजाब में 13 अप्रैल का दिन जहां वैशाखी के रूप में मनाया जाता है वहीं 13 अप्रैल 1919 की अमृतसर की वैशाखी का दिन भी सामने आ जाता है। अमृतसर के जलियांवाला बाग में डॉ. सत्यपाल और सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी तथा रोलेट एक्ट के विरोध में एक सभा रखी गई थी। जलियांवाला बाग जिसमें 13 अप्रैल 1919 को एक सभा के आयोजन में जनरल डायर ने कई निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई थी। जनरल डायर ने बाग के एकमात्र रास्ते को बंद करवाकर अपने सैनिकों के साथ मिलकर भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थी। पंजाब के लोग 1919 की इस खून भरी वैशाखी को भूल नहीं सकते। ये हत्याकांड इतना भयंकर था कि जलियांवाला बाग में स्थापित कुआं लोगों के शवों से भर गया था।

अकेले इस कुएं से ही 120 शव बरामद हुए। करीब दो हजार लोग इस दिन शहीद हुए और हजारों घायल हुए। इस दुखद घटना की याद को सहेजने के लिए चंदा इकट्ठा करके इस जमीन के मालिकों से करीब 5 लाख 65 हजार रुपए में इसे खरीदा गया था। ब्रिटेन में प्रकाशित होने वाले कुछ समाचार पत्रों ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे नृशंस कत्लेआम करार दिया था। जलियांवाला बाग हत्याकांड के समय सभा में पानी पिलाने का काम करने वाले उधम सिंह ने 13 मार्च 1940 को लंदन में माइकल ओड्वायर को गोलियों से उड़ा दिया और जनरल डायर बीमारियों के चलते तड़प-तड़प कर मर गया। पर्यटक जब भी अमृतसर जाते हैं तब जलियांवाला बाग को देखना नहीं भूलते। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी जलियांवाला बाग ट्रस्ट की है। अब यह सुन्दर पार्क में तबदील कर दिया गया है और यहां संग्राहलय की स्थापना भी की गई है। पर्यटक जब भी यहां पहुंचते है तब उन्हें उस खून भरी वैशाखी की याद आती है। जलियांवाला बाग में सुन्दर पेड़, बाड़ बनाए गए हैं।

इसके अन्दर दो स्मारक भी है एक स्मारक रोती हुई मूर्ति का और दूसरा अमर ज्योति का है। रोती हुई मूर्ति उन शहीदों की याद दिलवाती है। आज भी वहां पर गोलियों के निशान दिखाई देते है और वो कुआं भी वहीं पर विद्दमान है।

## ड्रैगन को बनाएं अपने घर का सुरक्षा कवच



फेंगशुई का विज्ञान इसी बात पर जोर देता है कि अधिक से अधिक सकारात्मक ऊर्जा पाने के लिए ऐसे उपाय अपनाए जाए जिनमें कम से कम साजो-समान, प्रयास या समय खर्च करना पड़ें। फेंगशुई चाईनिस वास्तु है। जो चीन में ही नहीं भारत के लोगों में भी काफी लोकप्रिय है। पशु-पक्षियों को फेंगशुई बहुत महत्व देता है और उन्हें उचित दिशा में रखकर मनचाही इच्छाओं की पूर्ति करता है। फेंगशुई ज्ञाताओं का मानना है कि घर के मुख्यद्वार के बाहर काला कछुआ, लाल पक्षी, सफेद बाघ एवं हरा ड्रैगन होते हैं जो घर को सुरक्षा प्रदान करते हैं। फेंगशुई में ड्रैगन को चार दिव्य प्राणियों में गिना जाता है। उनमें से मुख्य रूप से घर में ड्रैगन की मूर्ति या चित्र अवश्य रखना चाहिए। ड्रैगन यांग ऊर्जा का प्रतीक होता है। यह सौभाग्य के लिए सबसे अधिक ताकतवर माना जाता है। घर के अंदर ड्रैगन अपने घर के परिवार वाले भाग में लकड़ी की या हरे रंग की लगा सकते हैं या घर के बैठक कक्ष में लगाएं। ड्रैगन को ऊंचाई पर नहीं रखना चाहिए और न ही शयन कक्ष में रखना चाहिए क्योंकि शयनकक्ष की प्रकृति यिन होती है। जिससे पारिवारिक सदस्यों को मानसिक तनाव और बेचैनी की स्थिती बनी रहती है। ड्रैगन लकड़ी, चीनि मिट्टी या क्रिस्टल का होना चाहिए। मैटल यहां तक की सोने का ड्रैगन भी अच्छा नहीं माना जाता। ड्रैगन किसी भी धातु का नहीं होना चाहिए क्योंकि दोनों यांग शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। मिट्टी से बनें चाईनिस पात्र एवं फूलदान आदि जिन पर हरा ड्रैगन बना हो, उन्हें बहुत शुभ माना जाता है। किसी प्रिय को उपहार देने के लिए यह अनुपम भेंट है। लकड़ी के ड्रैगन को दक्षिण- पूर्व या पूर्व में, सेरेमिक, क्रिस्टल के ड्रैगन को दक्षिण- पूर्व, उत्तर-पूर्व या उत्तर पश्चिम में रखें। पढ़ने वाले बच्चे इसे अपनी स्टडी टेबल पर रखें। आज की मार्डन जनरेशन में ड्रैगन को फैशन और ज्यूलरी के रूप में भी काफी पसंद किया जा रहा है जैसे ड्रैगन नेकलेस, ड्रैगन ईयररिंग्स, ड्रैगन ब्रेसलेट, ड्रैगन रिंग, ड्रैगन थम रिंग आदि। ये देखने में बेहद ग्लैमरस लगते हैं।

## 29 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.11 प्रात-
सूर्यास्त- 06.08 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 07.03 प्रात-
चंद्र अस्त- 06.05 सायंकाल
चंद्रमा- मकर राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-30 पूर्णिमांत महीना माघ-16, पक्ष-कृष्ण अमावस्या, तिथि-अमावस्या सायं- 06.05 तक बाद में प्रतिपदा,नक्षत्र- उत्तराषाढ़ा प्रात- 08.20 तक बाद में श्रवण, योग-सिद्धि रात्रि- 09.22 तक बाद में व्यतिपात, करण-नाग सायं- 06.05 तक बाद में किनस्तुघन प्रात- 05.10 तक बाद में बव,राहु काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक दुमुहूर्त प्रात- 12.18 से 01.01 तक अमृत काल प्रात- 09.18 से 10.50 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.35 से 06.23 तक।

## 29 जनवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- ऑफिस कार्य से टूर पर जाना पड़ सकता है, वक़ालत में दूसरे शहर का केस करने को मिलेगा, नए रिश्तों में ससुराल पक्ष से बहस सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-73

वृषभ- खर्चे का हिसाब किताब लगायेगे फाइनेंस की चिंता होगी, कोई किश्त देनी पड़ सकती है, फैशन हाऊस, होटल,मल्टीप्लेक्स, माल में जॉब मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-77

मिथुन- संतान अपने खर्चे उठाने के लायक बनेगी, परिवार के खर्चे बढ़ेंगे, वाहन या किसी अन्य चीज का बीमा करवा सकते है, ज्वेलरी में भी लाभ दिखता है।
भाग्य प्रतिशत-78

कर्क- सेहत का थोड़ा ध्यान रखें, किसी रिश्ते में है तो कभी भावना कभी प्रेक्टिकल विचार के कारण फंसे रहेंगे, सेल्समेन, टेक्सटाइल, टेक्स के क्षेत्र में तरक्की करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-73

सिंह- शिक्षा में ध्यान दे बेहतर रहेगा, कोई आउटिंग अभी टाल दे, बीमा, प्रॉपर्टी, पत्रकार के क्षेत्र में उन्नति करेंगे, कोई बात सम्मान को ठेस दे सकती है।
भाग्य प्रतिशत-74

कन्या- परिश्रम बढ़ेगा, ऊंचे पद पर आसीन लोगों से बातचीत होगी, कार्य कराने में थोड़ी समस्या आ सकती है, ऑफिस का कार्य घर पर ला सकते है।
भाग्य प्रतिशत-65

तुला- पिता से मतभेद बढ़ सकते है, अलग होने का फैसला कर सकते है, जोश की जगह होश से काम ले, ऑफिस में गॉसिप का शिकार हो सकते है।
भाग्य प्रतिशत-52

वृश्चिक- बड़े कार्य करने को मिलेंगे, आंख, दांत का ख्याल रखें, चिकित्सक की प्रेक्टिस अच्छी चलेगी, डॉक्टर, सिविल सेवक बनने की तैयारी करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-76

धनु- क्रोध में रिश्ते बिगाड़ सकते है, जल्दबाजी का फैसला ना ले, अध्यापन क्षेत्र के लिए प्रयास कर सकते है, सोच विचार से सेहत प्रभावित रह सकती है।
भाग्य प्रतिशत-61

मकर- अपनी छवि को ध्यान में रखते हुए कार्य करे, कला, आर्टिफिशल ज्वेलरी, ब्युटी पार्लर, कार्य व्यवसाय उन्नति देगा, बोलने से पहले विचार करें।
भाग्य प्रतिशत-67

कुम्भ- धर्म-कर्म कार्य से लाभ होगा, किसी भाई बहन का विवाह लंबे समय बाद तय होगा, घर में खुशी होगी, अनावश्यक खर्चे से बचें।
भाग्य प्रतिशत-74

मीन- शारीरिक बीमारी में इजाफा होगा, खानपान और दवाई समय पर ले, ईश्वर कृपा से कोई कार्य बनेगा, आर्थिक पक्ष थोड़ा मजबूत भी होगा।
भाग्य प्रतिशत-62

# बेटी राशा संग द्वारका पहुंचीं रवीना टंडन, नागेश्वर महादेव-रुक्मिणी देवी के किए दर्शन

मुंबई । अभिनेत्री रवीना टंडन अपनी बेटी राशा थडानी के साथ द्वारका पहुंचीं, जहां उन्होंने रुक्मिणी मंदिर में दर्शन किए। इससे पहले अभिनेत्री नागेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही द्वारका जगत मंदिर पहुंची और ठाकुरजी के दर्शन किए। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच रवीना टंडन द्वारकाधीश मंदिर परिसर पहुंचीं, जहां, उन्होंने पादुका पूजन की। द्वारकाधीश मंदिर में मुख्य पुजारी ने अभिनेत्री का स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। अभिनेत्री के साथ उनकी बेटी राशा भी नजर आईं। रवीना अक्सर मंदिर जाती हैं। हाल ही में वह शिरडी में साईं बाबा मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। इस दौरान अभिनेत्री ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात भी की थी।



उन्होंने बताया था कि वह साईं बाबा को मानती हैं और बचपन से मंदिर दर्शन के लिए आती रही हैं। अभिनेत्री ने बताया था कि उन्हें साईं बाबा में अपने दिवंगत पिता की झलक दिखती है। साईं मंदिर से पहले अभिनेत्री बेटी राशा के साथ आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग पहुंची थी, जहां उन्होंने महादेव का आशीर्वाद लिया था। रवीना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को जानकारी दी थी। अभिनेत्री रवीना टंडन ने तस्वीरों और वीडियो को साझा कर बताया था कि यह उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां ज्योतिर्लिंग दर्शन है। तस्वीरों में मां-बेटी की जोड़ी पुलिस अधिकारियों के साथ पोज देती नजर आई थी। पोस्ट के साथ एक नोट शेयर करते हुए रवीना ने बताया था कि यह उनका 11वां ज्योतिर्लिंग और राशा का 10वां है। रवीना ने यह यात्रा अपने दिवंगत पिता की जयंती और महाशिवरात्रि पर 17 फरवरी 2023 से शुरू की थी।

उन्होंने काशी में पवित्र गंगा में पिता की अस्थियों को विसर्जित कर उन्हें विदाई दी और 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन पूरे कर रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह फरवरी में महाशिवरात्रि पर काशी जाएंगी। इससे पहले, अभिनेत्री ने भारतीय सिनेमा के दिग्गज राज कपूर के शताब्दी समारोह में भाग नहीं लिया था, क्योंकि उन्होंने मीरा राजपूत कपूर के साथ मुंबई में ब्रायन एडम्स के संगीत कार्यक्रम में भाग लिया था। रवीना ने अपने इंस्टाग्राम पर कॉन्सर्ट से कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए थे।

## हरी हर वीरा मल्लू फिल्म से बॉबी देओल का फर्स्ट लुक आउट

चेन्नई । अपकमिंग पीरियड फिल्म 'हरी हर वीरा मल्लू' के निर्माताओं ने सोमवार को बॉबी देओल के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनके फर्स्ट लुक को जारी किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म के निर्माताओं ने लिखा, अपने शानदार अभिनय से स्क्रीन पर दर्शकों को बांधने वाले अभिनेता बॉबी देओल को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं! टीम हरी हर वीरा मल्लू।




हरी हर वीरा मल्लू में अभिनेता पवन कल्याण मुख्य भूमिका में हैं। ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अभिनेत्री निधि अग्रवाल मुख्य भूमिका में हैं। मेगा सूर्या प्रोडक्शन के बैनर तले ए. दयाकर राव ने फिल्म का निर्माण किया है। फिल्म 'हरी हर वीरा मल्लू' औरंगजेब के अधीन मुगल साम्राज्य के दौरान साहसिक कारनामों की कहानी है। यह फिल्म उस समय के भारत के जटिल सामाजिक-आर्थिक दौर को दिखाती है, जब डच और पुर्तगाली जैसी विदेशी ताकतें देश की संपदा लूट रही थीं। निर्माता हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के पहले गाने को मिली दर्शकों की प्रतिक्रिया से खुश हैं। तेलुगू में 'माता विनाली' और तमिल में 'केक्कनम गुरुवे' नाम से रिलीज यह गाना फिल्म के एक महत्वपूर्ण क्षण के दौरान सामने आता है, जो जंगल की सुंदर पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में पवन कल्याण, निधि अग्रवाल और बॉबी देओल के अलावा नासर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में रघु बाबू, सुब्बाराजू, सुनील समेत अन्य सितारे भी हैं।

फिल्म की सिनेमैटोग्राफी मनोज परमहंस और ज्ञानशेखर वीएस. ने की है और प्रोडक्शन डिजाइन थोटा थारानी ने किया है। बॉबी देओल को जन्मदिन के अवसर पर उनके बड़े भाई सनी देओल ने भी एक खास तस्वीर के साथ शुभकामनाएं दी।

## शहनाज गिल ने वैनिटी वैन में मनाया जन्मदिन, फैंस को भी दिखाई झलक



मुंबई । अभिनेत्री शहनाज गिल ने हाल ही में अपने प्रशंसकों को जन्मदिन के जश्न की झलक दिखाई। 'पंजाब की कैटरीना कैफ' के नाम से मशहूर अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया, जिसमें वैनिटी वैन गुब्बारों और रिबन्स से सजी दिखाई दी। 'बिग बॉस 13' की पूर्व प्रतियोगी शहनाज गिल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर लेटेस्ट तस्वीरों के साथ शहनाज ने कैप्शन में लिखा, आप सभी का मेरे बर्थडे वैनिटी वैन में स्वागत है। तस्वीरों में अभिनेत्री हंसते हुए पोज देती नजर आईं। वहीं, उनकी वैनिटी गुब्बारों और रिबन्स से सजी दिखी। इससे पहले शहनाज ने दुबई में अपने जन्मदिन के जश्न की कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए थे। वीडियो में अभिनेत्री बुर्ज खलीफा के सामने केक काटती नजर आई थीं। शहनाज को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके भाई शहबाज ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह रात के समय केक काटती नजर आई थीं। वीडियो में शहनाज बच्चों की तरह चुलबुली अंदाज में दो-दो केक काटती नजर आई थीं। वहां उपस्थित सभी लोग शहनाज के लिए 'हैप्पी बर्थडे' गाते सुनाई दिए थे। मनोरंजन जगत में अपनी खास जगह बनाने वाली अभिनेत्री सोशल मीडिया यूजर्स के बीच खासा लोकप्रिय हैं, जिनके लिए वह अक्सर मजेदार और काम से जुड़े पोस्ट शेयर करती रहती हैं। अभिनेत्री ने प्रशंसकों को अपने पोस्ट के साथ बताया कि जन्मदिन की सुबह वह गुरुद्वारा गई थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर गुरुद्वारा का एक वीडियो शेयर कर प्रशंसकों को जानकारी दी थी। अभिनेत्री ने वीडियो के साथ गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के गाने 'आर नानक पार नानक' को भी जोड़ा था। वर्कफ्रंट की बात करें तो शहनाज गिल ने आगामी फिल्म इक कुड़ी के बारे में जानकारी देते हुए उसका पोस्टर शेयर किया था। अमरजीत सिंह सरोन के निर्देशन में तैयार फिल्म में शहनाज मुख्य भूमिका में हैं। खास बात यह है कि पंजाबी भाषा में बनी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के साथ ही शहनाज ने अमरजीत सिंह सरोन और कौशल जोशी के साथ प्रोड्यूसर की जिम्मेदारी भी संभाली है। इक कुड़ी 13 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार आज लगातार तीसरे दिन गिरावट नजर आ रही है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये से लेकर 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,390 रुपये से लेकर 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर



पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 8 2,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 75,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## फिल्म स्काई फोर्स की कमाई में चौथे दिन आई गिरावट




मुंबई । वीर पहरिया और अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स की खूब चर्चा हो रही है। देशभक्ति से भरपूर यह फिल्म शुक्रवार 24 जनवरी को रिलीज हुई और वीकेंड पर इसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की। रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को फिल्म की कमाई में भारी गिरावट आई है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते वीर पहाड़िया ने %स्काई फोर्स% से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। वीर शिंदे की बेटी स्मृति पहाड़िया और संजय पहाड़िया के बेटे हैं। वीर जान्हवी कपूर के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के भाई हैं। वीर, जिनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनीति है, ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा है। दिलचस्प बात यह है कि उनकी पहली फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन यानी शुक्रवार को 15.30 करोड़ रुपये की कमाई की। अगले दिन यानी शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला। शनिवार को फिल्म ने 26.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। तीसरे दिन यानी रविवार 26 जनवरी को छुट्टी के दिन इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पिछले दो दिनों के मुकाबले तीसरे दिन भी कलेक्शन में जबरदस्त इजाफा हुआ। रविवार को 31.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ। 3 दिन में फिल्म ने भारत में 86.40 करोड़ रुपये और दुनियाभर में 92.90 करोड़ रुपये कमाए। अब चौथे दिन का डेटा सामने आ गया है। चौथे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट आई है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने पहले सोमवार को 6.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने स्काई फोर्स के बजट से आधे से ज्यादा की कमाई कर ली है, तो ऐसा लग रहा है कि फिल्म इस हफ्ते अपनी प्रोडक्शन लागत वसूल कर लेगी। स्काई फोर्स का बजट 160 करोड़ रुपये है। स्काई फोर्स की चार दिन की कमाई करीब 99 करोड़ रुपये रही है। जल्द ही फिल्म 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।

## कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी यूपी एग्रीज - योगी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड एंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक समारोह में यूपी एग्रीज परियोजना की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा, %उत्तर प्रदेश गेहूं, आलू, आम, अमरूद, मटर, मशरूम, तरबूज और शहद आदि के उत्पादन में देश में शीर्ष पर है। योगी ने कहा कि देश के सब्जी उत्पादन में 15 प्रतिशत और फल उत्पादन में 11 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की करीब 17 प्रतिशत जनसंख्या रहती है, वहीं खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 23 प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के खाद्यान्न निर्यात में उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर है। ऐसे में यूपी एग्रीज परियोजना प्रदेश के निर्यात की संभावनाओं को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों और कृषि क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए अच्छी शुरुआत है। चार हजार करोड़ रुपये की यूपी एग्रीज परियोजना के लिए 2,737 करोड़ रुपये का ऋण विश्व बैंक से मिला है, जबकि राज्य सरकार ने 1,166 करोड़ रुपये का अंशदान किया है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि और उससे संबंधित क्षेत्र को चिन्हित करना, प्रमुख फसलों की उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, विशिष्ट कृषि उत्पादों को बढ़ावा देना, फसल तैयार होने के बाद प्रबंधन और बाजार समर्थन प्रणाली को विकसित करना है। इसके पहले चरण में राज्य के आठ संभागों (कमिश्नरी) के 28 जनपद चुने गये हैं। यह परियोजना छह वर्ष की होगी। इसकी शुरुआत 2024-25 से होगी और यह 2029-30 तक चलेगी। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश समग्र विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

इनमें कृषि और उससे संबंधित क्षेत्र की प्रगति स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। यह कार्यक्रम उसी अभियान का एक हिस्सा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक का मामला दर्ज, पति समेत ससुराल वालों पर गंभीर आरोप




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर की एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि हरियाणा के मेवात के नुहू गांव निवासी सरफराज से उसकी शादी 25 दिसंबर 2023 को हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने ₹5 लाख खर्च किए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष ने मोटरसाइकिल और ₹1 लाख की अतिरिक्त मांग की। पीड़िता ने बताया कि मांग पूरी न होने पर उसका पति उसे बेल्ट से पीटता था और उसका जेठ उस पर बुरी निगाह रखता था। परेशान होकर महिला ने बुलंदशहर थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पति सरफराज, जेठ, सास और ससुर के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, और समाज में दहेज और तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## प्राथमिक विद्यालय रोंडा नंबर 1 में गणतंत्र दिवस पर तिरंगे का अपमान, प्रशासन से कार्रवाई की मांग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। जहांगीराबाद विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रोंडा नंबर 1 में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगे झंडे का अपमान किया गया। विद्यालय में तिरंगा उल्टा फहराया गया और पूरे स्टाफ ने इस त्रुटि पर ध्यान दिए बिना इसे सलामी दी। प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ की इस लापरवाही की तस्वीरें वायरल होने के बाद क्षेत्र में नाराजगी का माहौल है। इस गंभीर चूक ने न केवल विद्यालय की छवि को धूमिल किया है, बल्कि देशभक्ति और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति उनके रवैये पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शिक्षकों को ही झंडा फहराने का सही तरीका नहीं पता, तो वे बच्चों को सही दिशा में कैसे शिक्षित कर सकते हैं। यह घटना न केवल शिक्षकों की लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि छोटे बच्चों के भविष्य पर भी सवाल खड़े करती है। क्षेत्रीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि मामले का संज्ञान लेकर प्रधानाचार्य और स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों ने यह भी आग्रह किया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए उचित जागरूकता और प्रशिक्षण दिया जाए।

## गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया, देशभक्ति के रंग में रंगे विद्यार्थी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज और टैगोर बाल शिक्षा सदन जूनियर हाई स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, और वरिष्ठ शिक्षक रमेश चंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट नाटक और देशभक्ति गीतों का भावपूर्ण प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने नाटकों और संगीत के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस मौके पर प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमें स्वतंत्रता मिली, और 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमें समानता, धार्मिक स्वतंत्रता, और अधिकारों की गारंटी देता है, जो इसे अन्य देशों से विशिष्ट बनाता है। उन्होंने सभी से संविधान की रक्षा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्राओं और अध्यापक-अध्यापिकाओं ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और मिठाई वितरित कर पर्व का आनंद लिया।

## ऑपरेशन कन्विक्शन- बुलंदशहर पुलिस ने प्रभावी पैरवी से तीन आरोपियों को दिलवायी 5-5 वर्ष की सजा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

बुलंदशहर(हितेश शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को सजा दिलवायी है। जिनमें नागेश, सचिन और करतार सिंह शामिल हैं, जिन्होंने वर्ष 2020 में अपने गांव के निवासी सूरज और उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर गंभीर चोट पहुँचाई थी। इस मामले में थाना अरनिया पर 05 जून 2020 को मुअसं-121/2020 धारा 308/34/325/323/504 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी और आरोप पत्र 19 जुलाई 2020 को न्यायालय में पेश किया गया था। इस मामले की प्रभावी निगरानी और पैरवी के तहत पुलिस द्वारा आरोपीगण के खिलाफ मजबूत मामला प्रस्तुत किया गया, जिसमें 07 गवाहों की गवाही ली गई। आज दिनांक 28 जनवरी 2025 को मा0 न्यायालय एडीजे खुर्जा, श्री दिलीप कुमार सचान द्वारा आरोपी नागेश, सचिन और करतार सिंह को दोषी पाते हुए प्रत्येक को 05-05 वर्ष का कारावास और 06-06 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री संजीव कुमार का योगदान सराहनीय रहा, जिनकी कड़ी मेहनत और प्रभावी पैरवी के कारण इस मामले में न्याय की प्रक्रिया पूरी हुई। यह घटना बुलंदशहर पुलिस के लिए बड़ी सफलता है, जो न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपराधियों को दंडित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। तहसील सदर परिसर में बने ईवीएम वेयर हाउस का जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस में स्थापित सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों का मॉनिटर पर अवलोकन करते हुए उनके क्रियाशील होने का सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने पुरानी रिकॉर्डिंग का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि कैमरों को पूरी तरह से क्रियाशील रखा जाए और उनकी रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रूप से संरक्षित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस में रखी ईवीएम मशीनों की स्थिति और उनकी सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। इस मौके पर डीडीसी चकबंदी, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयर हाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कमी न हो और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए।

## सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में चोरी का प्रयास, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। नगर में उपनिबंधक कार्यालय में 27-28 जनवरी की रात चोरों ने सेंध लगाने का प्रयास किया। कार्यालय के कनिष्ठ सहायक निबंधक विशाल कुमार तायल ने बताया कि सुबह जब वे कार्यालय पहुंचे, तो खिड़की टूटी हुई पाई गई। अज्ञात चोरों ने उपनिबंधक कक्ष में घुसकर कई दरवाजों के कुंदे तोड़ दिए और रिकॉर्ड रूम का ताला तोड़कर कैश चेस्ट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। हालांकि, चोर कैश और पंजीकरण शुल्क निकालने में असफल रहे। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई और कार्यालय प्रशासन ने थाना शिकारपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस घटना ने सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों का पुलिस पर कोई खौफ नहीं है और यदि गश्त नियमित होती, तो इस तरह की घटना न होती। वहीं, नगर और ग्रामीण क्षेत्र में पहले हुई चोरियों का भी अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। सरकारी कार्यालय में हुई इस घटना ने प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

## डेरा सच्चा सौदा ने मानवता भलाई के लिए किया अनूठा आयोजन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के डेरा सच्चा सौदा की मानवता भलाई केंद्र में दूसरी पातशाही सतनाम जी महाराज के पावन अवतार दिवस पर नाम चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कविराज भाइयों ने भजनों के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया। मानवता भलाई केंद्र को भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरे माहौल में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। अवतार दिवस पर डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने समाजसेवा के कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने गरीब और जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल वितरित किए। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि डेरा सच्चा सौदा ने हमेशा मानवता की भलाई के लिए प्रेरणादायक कार्य किए हैं और समाज में नशा मुक्ति जैसे अभियानों में भी उनका बड़ा योगदान है। डेरा सच्चा सौदा के सेवादार अमरीश गोयल ने बताया कि हर माह साथ संगत की ओर से गरीब परिवारों को राशन वितरित किया जाता है। इस आयोजन में अमनीश गोयल, विजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगदीश प्रसाद गोयल, वीरेंद्र पुनीत, साधना भूपेंद्र सिंह, प्रेमवीर सिंह, बालकिशन, मोतीराम, हिमा, मुकेश, राकेश, लक्ष्मी, निर्देश, राजकुमारी, संतोष सिंह, विमल प्रभा, पिंकी सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के इस अनूठे आयोजन से स्थानीय लोगों में उत्साह और प्रेरणा का माहौल देखा गया। डेरा सच्चा सौदा के इस प्रयास की चारों ओर सराहना हो रही है।

## जानलेवा हमला मामले के दो आरोपियों ने कुर्की के डर से किया आत्मसमर्पण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के विकास कॉलोनी निवासी कंप्यूटर संचालक शिवकुमार और उनके पुत्र निखिल पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों ने कुर्की के डर से न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने जानकारी दी कि 20 अगस्त 2024 को विकास कॉलोनी में चार लोगों ने निखिल और उनके पिता शिवकुमार पर जानलेवा हमला किया था। घटना के बाद पीड़ित निखिल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों सतपाल उर्फ सत्यपाल और विपिन, निवासी विकास कॉलोनी, पर एसएसपी ने ₹10,000-₹10,000 का इनाम घोषित किया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के घर पर कुर्की के नोटिस चिपकाए थे। कुर्की कार्रवाई से बचने के लिए दोनों आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

इस घटना ने क्षेत्र में काफी चर्चा बटोरी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## आधार संबंधी गतिविधियों पर हुई जनपद स्तरीय समिति की बैठक





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में आधार संबंधी गतिविधियों की जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में यूएचआईडी सहायक प्रबंधक श्री राजीव त्रिपाठी ने जिले में संचालित आधार पंजीकरण मशीनों की स्थिति पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में बैंकों में 15, सीएससी बैंक बीसी में 118, सीएससी ई-गवर्नमेंट में 1, इंडिया पोस्ट में 23, आईपीपीबी में 73 और शिक्षा विभाग में 25 मशीनें वर्तमान में कार्यरत हैं। शेष मशीनों को संचालन में लाने की प्रक्रिया जारी है। इस पर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप शेष मशीनों को शीघ्र संचालित किया जाए ताकि आम जनता को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक आयोजित






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की सभी परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने टीकाकरण कार्य समय पर पूरा करने, बच्चों को पेंटावन खुराक उपलब्ध कराने और पोलियो अभियान के दौरान शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो दवा पिलाने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए उपकरणों की कमी और कैल्शियम व आयरन की दवाओं की अनुपलब्धता पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से समुदाय में जागरूकता फैलाने और सामान्य तथा सिजेरियन प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने प्रसव उपरांत सहायता राशि को तत्काल उपलब्ध कराने और खराब प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों व आशा कार्यकर्ताओं से स्पष्टीकरण मांगते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मंत्रा ऐप पर गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ महिला व पुरुष नसबंदी के लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में एनआरसी केंद्रों पर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर लाने और उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए पोषक आहार व दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एनआरसी केंद्रों पर बिस्तर खाली न रहने और आने वाले सभी कुपोषित बच्चों को पूर्ण सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। लाभार्थियों के भुगतान को भी शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वास्थ्य केंद्रों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजू अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ZNet कंप्यूटर सेंटर और राष्ट्र चेतना मिशन ने निर्धन बिटिया का विवाह करवाया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरों





बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। समाजसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश करते हुए ZNet कंप्यूटर सेंटर और राष्ट्र चेतना मिशन ने मिलकर एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बड़ी बेटी का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया। यह विवाह समारोह सोमवार, 27 जनवरी की रात मोहल्ला साठा में आयोजित किया गया। परिवार की आर्थिक कठिनाइयों को देखते हुए दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से इस पुनीत कार्य को सफल बनाने की जिम्मेदारी उठाई। विवाह में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नवविवाहित दंपत्ति को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए घरेलू फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, वस्त्र, बर्तन और कन्यादान राशि भेंट की गई। इस आयोजन का संयोजन ZNet कंप्यूटर सेंटर के संचालक शोभित कंसल ने किया। इस दौरान राष्ट्र चेतना मिशन और ZNet की टीम ने नवविवाहित जोड़े को सुखमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस नेक कार्य के लिए दोनों संस्थाओं की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

## व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की मासिक बैठक संपन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की जिला मासिक बैठक प्रेम गार्डन भूड़ चौराहे पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र गोयल ने की, जबकि संचालन युवा जिलाध्यक्ष गौरव जिंदल ने किया।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री अनिल देशभक्त ने कहा कि सभी नगर अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करें और व्यापारियों को संगठन से जोड़ें। उन्होंने व्यापारियों को भ्रष्ट अधिकारियों और अपराधियों से बचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो रही है, फिर भी व्यापारियों को संगठित होकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। जिलाध्यक्ष रविंद्र गोयल ने सरकारी विभागों में बढ़ती बेईमानी और निर्माण कार्यों की घटती गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि सड़कों की गुणवत्ता बेहतर हो।

बैठक में बुलंदशहर के नगर अध्यक्ष, सिकंदराबाद, गुलावठी, स्याना, औरंगाबाद, जहांगीराबाद, डिबाई, अहमदगढ़, शिकारपुर, खानपुर, बुगरासी, ककोड आदि क्षेत्रों के नगर अध्यक्षों और जिला पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री अनुज अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा गया और भोजन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सिकंदराबाद के विधायक लक्ष्मी राज सिंह और भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि भी उपस्थित रहे।

## नवयुक्त जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति शर्मा को पुलिस हैल्प यू ऑर्गेनाइजेशन द्वारा सम्मानित किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नवयुक्त जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति शर्मा को पुलिस हैल्प यू ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अदनान ने सम्मानित किया। जिलाधिकारी के चार्ज संभालने के बाद डॉ. अदनान ने उन्हें फूलों का बुके और पुलिस हैल्प यू सम्मान अवॉर्ड देकर उनकी सराहना की। इस अवसर पर डॉ. अदनान ने पुलिस हैल्प यू ऑर्गेनाइजेशन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संस्था पुलिस और जनता की सेवा में कार्यरत है और गरीब, असहाय, पीड़ित, मजदूर वर्ग की मदद करती है। संस्था कानून का पालन कर, पुलिस-जनता संबंधों को मजबूत करती है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था महिलाओं और बेटियों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाती है और समाज में बुराइयों के खिलाफ काम करती है।

इसके अलावा, डॉ. अदनान ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज में मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना, अपराध, भ्रष्टाचार, अत्याचार, शोषण, खाद्य पदार्थों की मिलावट और नशे के व्यापार के खिलाफ संघर्ष करना है। इस मौके पर डॉ. अनस, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, मो. कामिल, मो. जीशान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जेएमएस वर्ल्ड स्कूल मे सात दिवसीय अंडर 16 क्रिकेट मैचो का हुआ समापन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । (पुष्पेन्द्र कुमार)जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में चल रहे सात दिवसीय अंडर 16 क्रिकेट मैचो का मंगलवार को समापन हो गया तथा मेरठ रोड गौतमबुद्धनगर की टीम के फाइनल मुकाबले में मेरठ की टीम ने 167 रनो से मैच जीता जहां बताते चलें जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अनिल त्यागी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चले सात दिवसीय अंडर-16 क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में मेरठ की टीम ने गौतमबुद्धनगर की टीम को 167 रन से करारी हार दी। दक्ष ने महज 96 बॉल पर ताबड़तोड़ 146 रन बनाए। यश को मैन ऑफ द सीरिज के खिताब से नवाजा गया। जहां टॉस जीतकर मेरठ की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। ओपनर गौरव (22), आकर्ष (7) के जल्द आउट होने से टीम लडखड़ाने लगी। तीसरे डाउन पर आए दक्ष और अमोंग ने पारी को संभालाझ दक्ष ने 96 गेंदों पर नाबाद 146 रन बनाए। इस पारी में दक्ष ने 12 चौके और 9 छक्के लगाए। टीम ने 35 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 303 रन बनाए। गौतमबुद्धनगर की टीम की ओर से समर सिंह और प्रद्युमन ने दो दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौतमबुद्धनगर की शुरूआत धीमी रही। आर्यांश, अरमान, भानू के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी दहाई का अंक भी नहीं छू पाया। मेरठ की ओर से अर्श कुमार ने चार, प्रद्युमन ने तीन विकेट लिए। फाइनल मुकाबले के बाद मंच पर 13 विकेट लेने वाले अर्श को बेस्ट बॉलर, 241 रन बनाने वाले अमोंग जिंदल को बेस्ट बल्लेबाज, 28 3 रन बनाने वाले यश को मैन ऑफ द सीरीज और मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्लोब आर्किटेक्ट के निदेशक अब्दुल कद्दूस ने विजेता टीम को 21 हजार और उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया। सागर ग्रोसरी के निर्देशक सागर सेठी और राजी इंपैक्स के निर्देशक साजिद खान ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाये। इस अवसर पर बुलंदशहर जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंशुल मित्तल, हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ विपिन गुप्ता, उपाध्यक्ष नवीन सचदेवा और डॉ आयुष सिंघल, बुलंदशहर जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अमरीश गुप्ता और राजेश शर्मा उपस्थित रहे। आज इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉ आयुष सिंहल व सचिव डॉ रोहन सिंहल ने सभी विजेताओं को बधाई व अग्रिम मैचो के लिये शुभ कामनाएँ दी।

## नूरपुर पर पक्की सडक व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सीडीओ हुए नाराज

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो





हापुड़ ।( पुष्पेन्द्र कुमार) जनपद के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम द्वारा विकास खण्ड धौलाना के अन्तर्गत सिंचाई विभाग बुलन्दशहर खण्ड के कार्यक्षेत्र में जनपद से सम्बन्धित चलित परियोजनओं का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के समय भूपेन्द्र कुमार सहायक अभियन्ता बुलन्दशहर खण्ड एवं अवर अभियन्ता उपस्थि रहें- रजवाहा नूरपुर के कि0मी0 1.160 पर निर्मित पुल एवं रजवाहो का पुर्ननिर्माण कार्य में फिनिसिंग के निर्देश दिए गए साथ ही रजवाहा नूरपुर पर पक्की सडक एवं इन्टरलोकिंग का कराए गए निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपर्स्थित सहायक अभियन्ता को कार्य को ठीक कराने एवं भुगतान कार्य ठीक व पूर्ण होने के उपरान्त करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्ति नगर पालिका परिषद हापुड़ के वार्ड संख्या- 25 मौ0 तगासराय में मुख्यमंत्री अल्प विकसित मलीन बस्ती डूडा हापुड द्वारा कराए गए कार्यो का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित सहायक अभियन्ता को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## युट्यूबर स्टार सलमुद्दीन व निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा व सोसायटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने किया ध्वजारोहण व स्मारक पार्क का उद्घाटन








उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार)डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश जनपद हापुड़ के द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चौक सिकंदर गेट हापुड पर आयोजित 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस के भव्य कार्यक्रम मे युट्यूबर स्टार सलमुद्दीन व निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा व सोसायटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, नगर पालिका परिषद हापुड व डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी हापुड़ ने संयुक्त रूप से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पार्क का सौंदर्यकरण कराया जिसका उद्घाटन युट्यूबर स्टार सलमुद्दीन व निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा व नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मो दानिश कुरेशी ने किया, सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरेशी, कोषाध्यक्ष दिलशाद अली, वाइस चेयरमैन डॉ असद सिद्दीकी ने सलमुद्दीन जी व उनकी पूरी टीम व उमेश राणा जी को पगड़ी पहनाकर व पूर्व राष्ट्रपति जी की तस्वीर स्टैचू भेटकर स्वागत व अभिनंदन किया सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2017-18 में सोसाइटी की मांग पर नगर पालिका परिषद हापुड़ के द्वारा सिकंदर गेट हापुड़ पर ग्रीन बेल्ट पार्क का निर्माण कराया गया था जो अब जर्जर अवस्था में था नगर पालिका के द्वारा पुन: इंटरलॉकिग झंडे का स्तंभ आदि का कार्य कराया गया व सोसाइटी ने पार्क के सभी बाहरी हिस्सो पर पुन: प्लास्टर पक्का पेंट सौंदर्यकरण आदि अपने निजी खर्चे पर कराया

जिसका उद्घाटन आज गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर किया गया, जिसके लिए नगर पालिका परिषद हापुड की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा देवी व अधिशासी अधिकारी उप जिलाधिकारी मनोज कुमार व अवर अभियंता प्रमोद कुमार धन्यवाद व प्रशंसा के पात्र हैं यूट्यूबर स्टार सलमुद्दीन ने सोसायटी के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वैलफेयर सोसायटी हापुड के आज मे तीसरे कार्यक्रम में आया हूं सोसायटी बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है

सभी लोगों को सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी से प्रेरणा लेनी चाहिए इस अवसर पर युट्यूबर स्टार सलमुद्दीन व निवर्तमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा व सोसायटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी, डा दिलशाद अली, डा असद सिद्दीकी, उप निरीक्षक विवेक चौहान, प्रशांत चौधरी, शाहरुख खान, आसिफ मंसूरी, आशु एम एस, मसरूर सलमानी, बुल्टा, फिरोज कुरैशी, मो समीर, जिशान, दानिश सैफी,रायल वसीम एसआरके, मौ अहमद, प्रभजोत सिंह, मोईन, परवेज चौधरी मुस्तफा आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने साइबर ठगों से एक लाख वापिस कराए



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। थाना हापुड़ देहात की साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अथक प्रयास कर ANY DESK एप्प डाउनलोड कराकर धोखाधड़ी की शिकार हुए पीड़िता को 99,999/- रुपये नकदी (शत-प्रतिशत) वापस करायी। पुलिस ने बताया कि एक महिला से साइबर ठगों ने करीब एक लाख रुपए ठग लिए थे। थाना हापुड देहात पुलिस व साइबर क्राइम टीम ने संयुक्त रूप से प्रयास कर पीड़िता को शत प्रतिशत धन राशि वापस करा दी।

## फूड सेफ्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित, व्यापारियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन (इटवा) के सहयोग से खाद्य विभाग ने आज एक विशेष फूड सेफ्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। इस ट्रेनिंग कैंप का उद्देश्य खाद्य पदार्थों को बनाने और बेचने वाले व्यापारी बन्धुओं को खाद्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत खाद्य विभाग की ट्रेनर, हरचरण कौर द्वारा की गई, जिन्होंने खाद्य पदार्थों के रखरखाव, पैकेजिंग, एक्सपायरी डेट, कर्मचारियों और प्रतिष्ठान की साफ सफाई, फ्रिज और फ्रीजर में खाद्य पदार्थों की सुरक्षा, बेकरी उत्पादों की गुणवत्ता, और मिलावट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 40 व्यापारियों ने भाग लिया और उन्हें खाद्य विभाग से कंप्यूटराइज और रेटिंग वाला सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। ट्रेनिंग कैंप शाह जी डेयरी के प्रतिष्ठान पर आयोजित किया गया, जिसमें सिकंदरबाद और खुर्जा के खाद्य सुरक्षा अधिकारी राममिलन जी, सुरेंद्र सिंह और इटवा के जिलाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय बंसल, और सिकंदराबाद नगर टीम के सदस्य देवेश गोयल, दीपक, कृष्ण, अभिषेक, पुनीत समेत कई व्यापारी उपस्थित रहे। इस ट्रेनिंग के माध्यम से व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया और उन्हें अपने व्यवसाय में बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## रजिस्टार कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, पुलिस सुरक्षा पर उठे सवाल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शिकारपुर नगर के रजिस्टार कार्यालय में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पाए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग हैरान रह गए और कस्बा पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार रात शिकारपुर कस्बे के सब रजिस्ट्रार कार्यालय में चोरों ने खिड़की की सरिया तोड़कर चोरी का प्रयास किया। लेकिन चोरों को सफलता नहीं मिली। शिकारपुर उप निबंधक, आशीष अभिजीत ने बताया कि कार्यालय रोज की तरह बंद था और कर्मचारी अपने घर चले गए थे। सुबह स्थानीय लोगों ने देखा कि खिड़की की सरिया टूटी हुई थी और चोरों ने कार्यालय में घुसने की कोशिश की थी। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर एआईजी (स्टांप), संत कुमार रावत पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि चोरों ने मेज की दराज और एक खिड़की का लॉक तोड़ा था, लेकिन अन्य सामान से छेड़छाड़ नहीं की गई। सभी दस्तावेज सुरक्षित रहे और कार्यालय में बैनामा कार्य सुचारू रूप से चलता रहा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, जितेंद्र कुमार दुबे ने इस मामले की गंभीरता से जांच की बात कही है। रजिस्ट्री कार्यालय के बड़े बाबू, विशाल तायल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना कस्बे में चर्चा का विषय बन गई है, जिससे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## महाकुंभ में आयोजित धर्म संवाद कार्यक्रम में हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट की स्थापना !

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो






हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) महाकुंभ में जूना अखाड़े के महामण्डलेश्वर एवं शक्ति पीठ डासना देवी मन्दिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी के आह्वान पर आयोजित जगद्गुरू शंकराचार्य जी, जूना अखाड़े के मुख्य संरक्षक हरि गिरि सहित कुल 8 महामण्डलेश्वरों और बड़ी संख्या में उपस्थित साधु-संतों ने महाकुंभ में जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन और राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के हिन्दू राष्ट्र विषयक कैलेंडर का विमोचन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड सहित देशभर के सैकडों जिलों के जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन कार्यकर्ताओं के सामने आनुषंगिक संगठन का नाम राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट (क्रा॥स्र) घोषित किया। राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट की हिन्दू राष्ट्र की योजना को जूना अखाड़े के महामण्डलेश्वर एवं डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरि जी महाराज की अगुवाई में देश के अति महत्वपूर्ण संत समाज ने स्वीकार करके उस पर अपनी मुहर लगाई। देशभर से आए लगभग एक हजार लोगों ने संकल्प लिया कि इस राष्ट्र के संभावित विधर्मीकरण को रोकने में हम अपनी जान लड़ा देंगे। संगठन की राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल ने बाताया कि राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट संगठन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र की विधिवत घोषणा निश्चित किया गया है। इसके लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून, यूनिफॉर्म सिविल कोड, घुसपैठ नियंत्रण, धर्मांतरण नियंत्रण, धर्मस्थलों की कट्टरपंथी अतिक्रमण से मुक्ति तथा वक्फ बोर्ड की पूर्ण समाप्ति वाले कानून बनवाना है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन द्वारा 04 फरवरी 2025 से साप्ताहिक हिन्दू मिलन अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत हम अपने गांव, शहर अथवा जिले के अधिक से अधिक सनातनियों के साथ बैठक करके उन्हें मंगलवार के दिन एक घंटे का समय निकालकर शाम 7 बजे उनके निवास के निकट के मन्दिर पहुँचने का आग्रह किया जाएगा।

संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी ने बताया कि मंगलवार को मन्दिर पर सात-आठ मिनट के हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात शेष समय धर्म चर्चा के माध्यम से सनातन के समक्ष उपस्थित खतरों और उनके समाधान पर चर्चा करना सुनिश्चित करेंगे। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि इस संबंध में एक सनातनी कैलेंडर बनाया गया है, जिसमें हिन्दू राष्ट्र संबंधित योजना प्रस्तुत की गई है। अत: यह कैलेंडर अधिक से अधिक सनातनी घरों तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत समाज व जनसंख्या समाधान फ़ाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) प्रीत विहार स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने बताया कि हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का यह जन्म शताब्दी वर्ष है और 25 दिसंबर को हर बार हम यह सुशासन के रूप में मनाते हैं परंतु इस बार पार्टी में यह तय किया है कि उनके जन्म का यह शताब्दी वर्ष होने के कारण पूरे वर्ष भर श्रद्धेय अटल जी के लिए पार्टी अलग-अलग प्रकार से कार्यक्रम करेगी इसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं को उन सभी कार्यकर्ताओं से भेंट करनी है जिन्होंने अटल जी के कार्यकाल में कार्य किया था उनके साथ की जो स्मृति है उनका संकलन करना है यदि कोई कविता कोई लेख या कोई चित्र उनके पास हो जो अटल जी ने उन्हें दिया हो वह भी हमको अपने पास सन जोकर रखना है आगे आने वाले कार्यक्रमों में अटल विरासत सम्मेलन रहेगा जो की 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक चलेगा इस सम्मेलन का आयोजन हर जिले में किया जाएगा इसी प्रकार के कार्यक्रम पूरे वर्ष किए जाएंगे जिनकी समय रहते पार्टी से सूचना प्राप्त होगी इस अवसर पर जिला महामंत्री राजीव सिरोही, मोहन सिंह ,अध्यक्ष कुणाल चौधरी, हेमंत त्यागी, राजीव शर्मा, अनिरुद्ध कस्तला ,सुयश वशिष्ठ मौजूद रहे।

## बन्द मकानों व दुकानों में रेकी कर चोरी करने वाले 4 चोर गिरफ्तार





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) स्वाट टीम व थाना पिलखुवा पुलिस ने बन्द मकानों व दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे व निशानदेही पर 28 हजार पांच सौ रुपये की नकदी,भारी मात्रा में चोरी के पीली व सफेद धातु के आभूषण, 3 एलईडी टीवी, घटना करने में प्रयुक्त ई-रिक्शा व औजार उपकरण एवं अवैध असलहा आदि बरामद किया है। जहां प्रेस वार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि स्वाट टीम व थाना पिलखुवा पुलिस ने बन्द मकानों व दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए शाहरुख पुत्र याकूब निवासी मौ0 छिद्दापुरी, सलमान पुत्र शाकिर निवासी नील गगन वाली गली मौ0 रमपुरा,शाकिर पुत्र हुसैन निवासी प्रताप विहार सेक्टर 12 विजयनगर थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद व वरुण पुत्र सतीश निवासी म0नं0 113 मौ0 शुक्लान जटपुरा रोड थाना पिलखुवा को करीमपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है जिसमें सभी चारों शातिर किस्म के चोर हैं जिसमें शाकिर कबाडी हैं जो दिन में बन्द मकानों व दुकानों की रैकी करते हैं उसके बाद मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध जनपद हापुड़ में चोरी, एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब 3 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है एवं इनके आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों से भी जानकारी की जा रही है।

## बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत दुष्कर्म के आरोपी को 07 वर्ष की सजा और 25,000 रुपये का अर्थदंड दिलवाया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत दुष्कर्म के आरोपी को 07 वर्ष का कारावास और 25,000 रुपये के अर्थदंड की सजा दिलवाई है। अभियुक्त प्रकाश ने वर्ष 2013 में थाना शिकारपुर क्षेत्र की एक युवती को बहलाकर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म किया था। इस मामले में 03 अप्रैल 2013 को थाना शिकारपुर पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी और 31 मई 2013 को पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। मामले को ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत विशेष निगरानी में लिया गया और मॉनीटरिंग सैल बुलंदशहर ने सशक्त पैरवी के साथ न्यायालय में अभियोजन की कार्यवाही पूरी की। अभियुक्त के खिलाफ 10 गवाहों की गवाही के बाद न्यायाधीश श्री वरुण मोहित निगम ने अभियुक्त प्रकाश को दोषी पाते हुए उसे 07 वर्ष का कारावास और 25,000 रुपये का अर्थदंड दिया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री विजय कुमार शर्मा और श्री इशान चौधरी का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इस सफलता ने बुलंदशहर पुलिस की प्रतिबद्धता को उजागर किया, जो ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को दंड दिलाने के लिए निरंतर कार्यरत है।




## अज्ञात शव की पहचान हेतु बुलन्दशहर पुलिस की मदद करें।

## शादी का झांसा देकर बलात्कार के आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

नोएडा । ग्रेटर नोएडा में रहने वाली एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर बलात्कार करने और उसका गर्भपात कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर की कुर्की की प्रक्रिया पुलिस ने शुरू कर दी है। इसके तहत पुलिस ने गाजियाबाद स्थित उसके घर के बाहर बीएनएसएस की धारा 84 के तहत नोटिस चस्पा किया है। आरोपी न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद भी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना बिसरख पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 673 वर्ष 2024 भारतीय न्याय संहिता की धारा 69, 89, 351(2) में वांछित अभियुक्त आकाश शर्मा उर्फ जोनी पुत्र स्वर्गीय सुभाष चंद्र शर्मा निवासी कैलाश नगर थाना विजयनगर कमिश्नरेट गाजियाबाद के विरुद्ध न्यायालय द्वारा धारा 84 बीएनएसएस (उद्घोषणा) की गई। नियमानुसार तामिल के लिए अभियुक्त घर पर नोटिस चस्पा किया गया है। उन्होंने बताया कि वांछित अभियुक्त आकाश शर्मा को पुलिस अथवा न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए एक माह का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर अभियुक्त नियत अवधि में हाजिर नहीं होता है तो उसके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मोबाइल टावरों से आरआरयू चोरी कर मेरठ में कबाड़ी को बेचने वाले वाले 9 बदमाश गिरफ्तार

नोएडा । दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के जनपदों में मोबाइल फोन के टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले दो गैंग के 9 शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 3 आरआरयू, असलहा समेत अन्य सामान बरामद किया है। थाना फेस-2 पुलिस ने 6 तथा थाना सेक्टर-113 पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित पुलिस मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी बताया कि आज एक सूचना पर थाना फेस-2 पुलिस मोबाइल टावराके से आरआरयू चोरी करने वाले 6 अभियुक्त शानु पुत्र दयानन्द, अंकित कुमार पुत्र श्रवण सिंह राजपूत, राज मीणा पुत्र राम बाबू, साहिल सैफी पुत्र समसु, अयांश उर्फ प्राशू पुत्र हरिओम गुप्ता तथा नईम मलिक पुत्र हसमत को थाना क्षेत्र के डी ब्लाक में बिजली घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 2 आरआरयू, 1 कैबिल कटर, एक पाना, 2 चाबी (नट बोल्ट खोलने वाली), एक पेचकस, एक रोडनुम), घटना में प्रयुक्त 2 कार तथा 3 अवैध चाकू बरामद किया है। डीसीपी ने बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है, जो घूम-फिरकर एनसीआर क्षेत्र में रात में मोबाइल टावरों पर चढ़कर कीमती उपकरण (आरआरयू आदि) को चोरी कर अपने साथी नदीम जनपद मेरठ को बेच देते हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि अभियुक्त गौतमबुद्धनगर में टैक्सी नंबर की गाड़ी से रैकी करते है और पकड़े जाने पर यात्री होने का बहाना बना लेते है, ताकि किसी को शक न हो।अभियुक्तों द्वारा एनसीआर क्षेत्र में भिन्न-भिन्न मोबाइल टावरों जहां पर सिक्योरिटी गार्ड नहीं रहते वहां रैकी करके उन मोबाइल टावरों को टारगेट कर कीमती उपकरण चोरी कर लेते है। इसके अलावा थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मोबाइल फोन टावरों से आरआरयू चोरी करने वाले 3 अभियुक्त सन्नी कुमार पुत्र सतीश कुमार, पंकज पुत्र अरविंद तथा कुलदीप कुमार पुत्र सहेन्द्र सिंह को थाना क्षेत्र के भारत हॉस्पिटल पुस्ता रोड से एफएनजी कट के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक आरआरयू व 3 अवैध चाकू बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने एनसीआर में लगे मोबाइल फोन के टावरों से दर्जनों चोरी की वारदातें करनी स्वीकार की है। इनके गिरोह के अन्य सदस्यों की पुलिस तलाश कर रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरे की पैर की हड्डियां टूटी

नोएडा । जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हो गए है। घायलों में एक युवक के दोनों पैर की हड्डियां टूट गई है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार चाहर ने बताया कि सुरेश पुत्र श्यामलाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका बेटा दीपक कुमार उम्र 29 वर्ष थाना सूरजपुर क्षेत्र से बाइक पर सवार होकर गुजर रहा था, तभी वह देवला गांव के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। उसकी बाइक में ट्रक चालक ने टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक चालक फरार है उसकी तलाश की जा रही है। थाना सेक्टर-126 के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र बालियान ने बताया कि विकास ठाकुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्रेटर नोएडा जा रहा था, तभी थाना क्षेत्र में एक कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में पीड़ित की दोनों टांगें टूट गई है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि प्रमोद कुमार भाटी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह तुगलपुर गांव के पास बस के इंतजार में खड़े थे, तभी नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक वैगनआर कार और एक होंडा इमेज कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक दूसरे को टक्कर मार दिया। दोनों कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े प्रमोद भाटी से जा टकराई। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए शारदा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां से उन्हें आनंद अस्पताल मेरठ में रेफर किया गया। पीड़ित के अनुसार अपना उपचार करवाने के बाद वह थाने में आए तथा उन्होंने घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिजली आपूर्ति बाधित होने से परेशानी

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित लोटस वैली सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण निवासियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का आरोप है कि हर दूसरे दिन सोसाइटी में बिजली की समस्या हो रही है। मंगलवार सुबह भी करीब 3 घंटे घरों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं, एनपीसीएल द्वारा लाइट काटने से पहले निवासियों को सूचित नहीं किया जाता है। सोसाइटी के पूर्व सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि परिसर में अपार्टमेंट और विला दोनों बने हुए हैं। जिनमें करीब 700 से अधिक परिवार रहते हैं। मंगलवार सुबह सोसाइटी में अचानक करीब 7 बजे लाइट चली गई। काफी देर तक लोगों ने लाइट का इंतजार किया, जब घरों में बिजली नहीं आई तो उन्होंने मेंटेनेंस प्रबंधन से शिकायत की। तब जाकर उन्हें पता चला कि एनपीसीएल द्वारा लाइन में कोई कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते बिजली काटी गई है। लोगों का आरोप है कि लाइट काटने से पहले एनपीसीएल के अधिकारी सूचित नहीं करते हैं। 26 जनवरी को भी सोसाइटी में करीब 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही थी। जिसके कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, लाइट जाने पर डीजी का संचालन किया जाता है। जिसके दौरान अधिक शुल्क लोगों से लिया जाता है। वहीं मंगलवार को भी करीब सोसाइटी में 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

## ताला तोड़कर तार चुराने वाले दो गिरफ्तार




नोएडा । शटर का ताला तोड़कर सोल्डर स्टिक और तार चोरी करने वाले दो आरोपियों को सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान गाजियाबाद निवासी विनय और राम प्रताप के रूप में हुई। दोनों ने साथी सुरजीत के साथ मिलकर एक कंपनी से सोल्डर स्टिक और तार चोरी किया था। आरोपियों के पास से दो चाकू बरामद हुआ है। चोरी हुए सामान का कुछ हिस्सा गिरफ्त में आए आरोपी के साथी से पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने 27 जनवरी को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की पहचान की थी। घटना में शामिल तीनों आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

## किसान आंदोलन में जेल गए किसानों के सम्मान में किसान एकता संघ ने दनकौर में किया सम्मान समारोह का आयोजन- गंगेश्वर दत्त शर्मा





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा। किसान आंदोलन में जेल गए किसानों को सम्मानित करने के लिए किसान एकता संघ ने दनकौर जीतू नंबरदार फार्म हाउस में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कर किसानों के हक अधिकार की लड़ाई में जेल गए किसान नेता डॉक्टर रुपेश शर्मा, सोरण प्रधान, सुखबीर खलीफा, उदल आर्य, प्रमोद शर्मा, गवरी मुखिया, वीर सिंह नेताजी, जगबीर नंबरदार, सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा सहित सैकड़ो किसानों को फूल माला व शोल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता सोरण प्रधान, सुखबीर खलीफा, डॉक्टर रुपेश वर्मा ने किसान आंदोलन के पूरे घटनाक्रम को विस्तार से रेखांकित करते हुए आंदोलन की उपलब्धियां को बताया और भविष्य के आंदोलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन किसानों की लड़ाई में मजबूती के साथ खड़ा रहा और भविष्य में भी होने वाले संघर्ष में किसानों के साथ रहेंगे और एकजुट होकर अपने हक अधिकारों को हासिल करके ही दम लेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सुमन राय व सीटू नेता राजकरण सिंह ने कहा कि किसान आंदोलन उत्तर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को हिलाने में कामयाब रहा और उन्हें किसानों की मांगों को मानने के लिए मजबूर कर दिया गया। कार्यक्रम को दर्जनों किसान नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन किसान एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने किया।

## भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया पत्रकार वार्ता में मुख्यरूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी रहे

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**




ग्रेटर नोएडा। आज दिनाँक 28 जनवरी 2025 को भाजपा जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर ग्रेटर नोएडा पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया पत्रकार वार्ता में मुख्यरूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि भाजपा पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष 25 दिसम्बर 2024 सुशासन दिवस से 2025 तक देश के सभी बूथ मंडल ज़िला राज्य राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम कर रही अटल जी जन्म शताब्दी में अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान के तहत उन लोगो को जिन्होंने उनके साथ कार्य किया जिनकी उनके साथ कोई भी इसमें अटल के साथ किसी भी क्षण की स्मृति या काग़जी पेपर कटिंग लेखनी कविता ऑटोग्राफ़ आदि को चिन्हित कर पार्टी सम्मानित करेगी और उन्होंने बताया कि श्रद्धेय अटल के स्मारक सदैव अटल नई दिल्ली पर श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्रीगण के साथ एनडीए के नेतागण एवं गणमान्य अब व्यक्तियों ने भाग लिया और उन्होंने बताया कि देश को आगे बढ़ाने के लिये पूरे देश में सदको का जाल सर्वप्रथम अटल जी के कार्य काल की सरकार ने किया जिसको आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर आगे बढ़ा रहे है पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बताया कि जनपद गौतमबुधनगर के सभी उन लोगो को भाजपा सम्मानित करेगी जो अटल बिहारी वाजपेयी से किसी भी रूप में मिले हो उनको 31 जनवरी तक चिन्हित कर सम्मानित करेगी इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी बिजेंद्र प्रमुख जिला महामंत्री योगेश चौधरी दीपक भारद्वाज धर्मेन्द्र कोरी मनोज गर्ग पवन नागर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य मनीष भाटी आदि भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## स्मार्ट संस्था और सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते का टीबी मुक्त भारत अभियान में योगदान

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**













गौतमबुद्ध नगर (हितेश शर्मा)। गौतमबुद्ध नगर में सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते और स्मार्ट संस्था के संयुक्त प्रयास से टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सेहत सही, लाभ कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन के लिए युवाओं की भूमिका और सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर चर्चा की गई। गौतमबुद्ध नगर के डिप्टी सीएमओ डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लिए सामुदायिक जागरूकता, समय पर उपचार और सही जानकारी का प्रसार आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया और समाज को स्वस्थ बनाने के लिए योगदान देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी से जुड़े मिथकों को तोड़ना और इसके निदान और रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाना है। सलाम नमस्ते रेडियो ने टीबी चैंपियंस, सरकारी अधिकारी और समाजसेवी संगठनों की जानकारी को गांव और समुदायों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। यह अभियान 6 दिसंबर से 15 मार्च तक संचालित हो रहा है और इसके माध्यम से सामुदायिक भागीदारी के जरिए टीबी उन्मूलन पर विशेष जोर दिया गया है। यह पहल टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक प्रभावशाली कदम के रूप में देखी जा रही है।

## गणतंत्र दिवस पर राजवीर सिंह ने किया भारतीय संविधान और स्वतंत्रता संग्राम के महत्व का उल्लेख



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गौतम बुद्ध नगर (हितेश शर्मा)। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजवीर सिंह (सेवानिवृत्त पटवारी) ने 26 जनवरी 2025 को तहसील सदर गौतम बुद्ध नगर के प्रांगण में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव ने की। राजवीर सिंह ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम और भारतीय संविधान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारी आजादी भारतीय वीरों की कुर्बानियों का परिणाम है। जलियांवाला बाग की घटना और अनेक बलिदानों ने हमें गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा, भारतीय संविधान 2 साल, 11 महीने, और 18 दिनों की मेहनत के बाद 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इसलिए हम हर साल इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार डॉ. अजय कुमार, लेखपाल अमित कुमार, नायब नाजिर कुवरपाल, राजस्व निरीक्षक नीरज लता, और नायब तहसीलदार रामकिशन सहित कई अन्य वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। राजवीर सिंह ने गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संविधान के आदर्शों और मूल्यों को संरक्षित करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नायब तहसीलदार रामकिशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर तहसील सदर गौतम बुद्ध नगर के सभी राजस्व अधिकारी, लेखपाल, अमीन, और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में राजस्व विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने सेवानिवृत्त पटवारी राजवीर सिंह को सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर राजवीर सिंह ने समस्त राजस्व परिवार का आभार व्यक्त किया और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव - अखिलेश यादव समेत अन्य सपा सांसद करेंगे 'आप' के लिए प्रचार

नई दिल्ली । समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के सांसद आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होने वाले हैं और मतगणना आठ फरवरी को होगी। अखिलेश यादव 30 जनवरी को रिठाला में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के साथ एक रोड शो में शामिल होंगे। सपा सांसद इकरा हसन तथा पार्टी के अन्य सांसद भी आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार अभियान में भाग लेंगे। आप और सपा दोनों विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') का हिस्सा हैं, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है। हालांकि, सपा नेता केवल आप के लिए प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ चुनावी मैदान में है। इस कदम से विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस की स्थिति और कमजोर हो सकती है। यह गठबंधन कांग्रेस के नेतृत्व में पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान बना था। आप और कांग्रेस ने पिछले साल लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ मिलकर चुनावी लड़ाई लड़ी थी। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से आप ने चार और कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार के विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां आमने-सामने हैं। पिछले साल कई दलों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गठबंधन का नेतृत्व सौंपने के विचार का समर्थन किया था।

इसके बाद विपक्षी गठबंधन में मतभेद उभरकर सामने आए थे। वर्तमान में यह नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पास है।

अरविंद केजरीवाल ने ममता बनर्जी को समर्थन दिए बिना कहा था कि इंडिया गठबंधन के नेता इस मुद्दे पर आपसी चर्चा के बाद निर्णय ले सकते हैं। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा भी एक और दो फरवरी को दिल्ली की तीन विधानसभा सीटों पर आप के लिए प्रचार करेंगे।

## आतिशी को मानहानि मामले में राहत, दिल्ली कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला



नई दिल्ली । दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दाखिल की गई मानहानि मामले में मुख्यमंत्री आतिशी को जारी किए गए समन को रद्द कर दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आतिशी की ओर से मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर यह आदेश पारित किया। मजिस्ट्रेट अदालत ने भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की शिकायत पर आतिशी को समन जारी किया था। आतिशी के वकील ने दलील दी कि आतिशी ने प्रवीण शंकर कपूर की मानहानि नहीं की गई है। न्यायाधीश ने आतिशी के वकील की उक्त दलील पर गौर किया। दलील में आगे कहा गया कि कथित मानहानिकारक बयान भाजपा के खिलाफ था, यह किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं था। इन दलीलों पर गौर करते हुए दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित अदालत ने दिल्ली की सीएम आतिशी की पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया। आतिशी ने इस अदालत में भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दाखिल किए गए मानहानि के मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से उनको जारी किए गए समन को चुनौती दी थी। बता दें कि पिछले साल अप्रैल में आतिशी ने आरोप लगाया था कि उनसे और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं से भाजपा से जुड़े लोगों ने संपर्क किया था। उन्होंने दावा किया था कि भाजपा नेताओं ने कहा था कि वे लोग भाजपा में शामिल हों या एक महीने के भीतर ईडी की गिरफ्तारी का सामना करें।

इसके बाद भाजपा के प्रवीण शंकर कपूर ने आतिशी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। भाजपा नेता कपूर ने मामले में आतिशी और अन्य आप नेताओं के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा था कि उनमें से किसी ने भी अपने आरोपों के पक्ष में कोई सबूत पेश नहीं किए थे।

अब राउज एवेन्यू कोर्ट के इस फैसले को आतिशी के लिए बड़ी राहत की बात माना जा रहा है।

## दिल्ली में जहरीला पानी भेजने का आरोप 'आआपा' की हताशा का परिणाम - विजेंद्र गुप्ता



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और रोहिणी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता ने केजरीवाल द्वारा हरियाणा द्वारा दिल्ली को दिये जाने वाले पानी में जहर मिलाने के आरोप को केजरीवाल की हताशा का परिणाम बताया है। विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को रोहिणी विधानसभा में सेक्टर-13 में पदयात्रा के माध्यम से स्थानीय लोगों से मिलकर संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना और अगले पांच साल में रोहिणी के विकास के लिए अपने रोडमैप के बारे में उन्हें बताया। गुप्ता की पदयात्रा सेक्टर-13 के भारत अपार्टमेंट से आरंभ हुई और अयोध्या अपार्टमेंट से होते हुए विजेता अपार्टमेंट पर खत्म हुई। पदयात्रा के अंत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने पिछले दस साल में दिल्ली की जनता के लिए एक भी काम नहीं किया। आरोप प्रत्यारोप की राजनीति आम आदमी वार्टी का डीएनए बन चुकी है और ये लोग सिर्फ इसी के सहारे दिल्ली में जीत हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के पास अपनी कोई योजना नहीं है और इसलिए वो भाजपा की नीतियों को कॉपी करके इसे अलग रूप में पेश करके लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। 'महिला सम्मान योजना' मूलरूप से भारतीय जनता पार्टी की ही योजना है, जो मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और ओडिशा जैसे भाजपा शासित राज्यों में बहुत अच्छे से चल रही है और लाखों महिलाओं को इसका फायदा पहुंच रहा है। इस योजना की सफलता को देखकर ही केजरीवाल ने इस योजना को दिल्ली में आआपा का आइडिया बताकर पेश कर दिया। घोषणा पत्र को 'पुराना जुमला' दोहराने की कवायद करार देते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास दिल्ली के विकास के लिए कोई विजन नहीं है और पार्टी अपने पुराने चुनावी वादों को ही इस घोषणा पत्र में दोहराकर सिर्फ औपचारिकता ही पूरी कर रही है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इनके सभी वादे और घोषणाएं पहले ही हवा-हवाई हो चुके हैं और एक भी नया वादा इन्होंने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि अगर वो यमुना को साफ नहीं कर पाये तो उनको 2025 के चुनाव में वोट मत देना। अब अपने खुद के वादे को ही भूल गये और फिर से इस घोषणा पत्र में यमुना को साफ करने का अपना पुराना राग अलाप दिया है। उन्होंने एक बार फिर से दिल्ली की जनता से अपील की है कि वो केजरीवाल की भ्रष्ट सरकार को बदलकर भाजपा को दिल्ली का ताज सौंपे ताकि डबल इंजन की सरकार के रूप में भाजपा उनकी समस्याओं को समझे और उनका त्वरित समाधान कर सके। लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के आते ही केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिल्ली की जनता को पहले दिन से ही मिलना शुरू हो जाएगा।

# सिटी कान्वेंट इंटर कॉलेज में 431वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

लखनऊ, 28 जनवरी 2025। गायत्री ज्ञान मंदिर, इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रांति ज्ञान यज्ञ अभियान के अंतर्गत सिटी कान्वेंट इंटर कॉलेज, पारा, राजाजीपुरम में केन्द्रीय पुस्तकालय में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित 79 खंडों का 431वां वाङ्मय स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ताओं श्री व्यास जी मिश्र और श्रीमती कमलावती मिश्र द्वारा अपनी पुत्री सुश्री अंजली मिश्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए भेंट किए गए साहित्य के माध्यम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को अखंड ज्योति पत्रिका भी भेंट की गई। मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने इस अवसर पर ज्ञानयज्ञ युगधर्म है का संदेश देते हुए ज्ञान के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उनके साथ श्रीमती उषा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान के चेयरमैन श्री अंकित उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर श्रीमती कमलावती मिश्र, सुश्री अंजली मिश्र, श्रीमती प्रिया उपाध्याय, श्रीमती आस्था उपाध्याय, प्रबंधक श्री ब्रजेश कुमार, प्रधानाचार्या श्रीमती मुन्नी राय, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अत्यंत सेवाभावी व धर्म परायण संत थे बाल गोविन्द दास महाराज - पण्डित रामनिवास शुक्ला

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



वृन्दावन। श्याम वाटिका/शीतल छाया क्षेत्र स्थित अलि नागरि कुंज में चल रहा ब्रज के प्रख्यात रसिक संत बाल गोविन्द दास महाराज (अलि नागरि) का 19 वां 14 दिवसीय निकुंज प्रवेश तिथि समाराधन महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।इसके साथ ही श्रीमद्भक्तमाल की कथा, श्रीमद्भागवत मूलपाठ एवं अखंड श्रीहरिनाम (महामंत्र) संकीर्तन आदि के कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए पूज्य महाराजश्री के परम कृपापात्र शिष्य पण्डित रामनिवास शुक्ला ने कहा कि निकुंजवासी बाल गोविन्द दास महाराज (अलि नागरि) अत्यंत सेवाभावी व धर्म परायण संत थे।उन्होंने अपना समूचा जीवन परोपकार और जन कल्याण के लिए समर्पित किया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रख्यात रासाचार्य स्वामी कुंजबिहारी शर्मा ने कहा कि निकुंजवासी बाल गोविन्द दास महाराज (अलि नागरि) समस्त धर्म ग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे।उन्होंने कलाधारी बगीची में रहकर असंख्य बालकों को श्रीमदभागवत, रामायण एवं श्रीमद्भगवतगीता आदि ग्रंथों की निःशुल्क शिक्षा प्रदान की।ऐसे संत अब पृथ्वी पर कहां देखने को मिलते हैं। पण्डित विद्यानिधि शुक्ला ने कहा कि निकुंजवासी बाल गोविन्द दास महाराज (अलि नागरि) श्रीधाम वृन्दावन के रससिद्ध संत थे।वे ब्रज रानी, रज रानी एवं यमुना महारानी के अनन्य उपासक थे। महोत्सव में शरणागति आश्रम,वृन्दावन के महंत बिहारीदास भक्तमाली महाराज, विद्याधर दास, गौरव शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, पूर्व प्राचार्य शिवकुमार गोयल, आचार्य केशव देव, पंडित सुनील शास्त्री, पण्डित गोविन्द स्वामी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर पूज्य महाराज श्री को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया। इससे पूर्व संतों व भक्तों के द्वारा पूज्य महाराजश्री की प्रतिमा का पञ्चामृत से अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।तत्पश्चात प्रख्यात भजन गायक चन्दन महाराज एवं मनमोहन शर्मा ने पूज्य महाराज श्री द्वारा रचित पदों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा ने संपूर्ण भारत के जिला अध्यक्ष पंडित अखिलेश गोल्ड जी के नेतृत्व में 76वें गणतंत्र दिवस का उत्साह और धूमधाम से आयोजन किया। यह कार्यक्रम पंडित अखिलेश गोल्ड जी के कैंप कार्यालय, 193/2 नीलकंठ द्वार, आवास विकास प्रथम, डी एम रोड, बुलंदशहर में आयोजित हुआ, जहां पर झंडा फहराकर गणतंत्र दिवस की खुशी मनाई गई। कार्यक्रम में महासभा के संरक्षक पंडित योगराज शर्मा जी, युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विपिन शर्मा जी, राष्ट्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ श्रीमती अर्चना पांडे जी, और कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कृत उत्तर प्रदेश पुलिस के दरोगा पंडित सी पी भारद्वाज, एडवोकेट दिनेश शर्मा, विधिप्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय शर्मा, युवा अध्यक्ष विकास शर्मा, जिला महामंत्री बृजमोहन शर्मा, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर पंडित अखिलेश गोल्ड जी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और इस अवसर पर भारत की विविधता और एकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह में उपस्थित सभी ने देश की सुरक्षा, समृद्धि, और एकता के लिए काम करने की शपथ ली। कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों ने देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और समाज में भाईचारे, समरसता और सौहार्द को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

# बुलंदशहर में जेपी गुप्ता पत्रकार की ताई चन्द्रवती देवी जी को श्रद्धांजलि अर्पित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज जेपी गुप्ता पत्रकार की ताई, चन्द्रवती देवी जी की अस्थि में क्षेत्र के कई राजनीतिक नेताओं और व्यापारियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए चन्द्रवती देवी जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने शोक व्यक्त किया और ईश्वर से प्रार्थना की कि चन्द्रवती देवी जी को स्वर्ग में स्थान मिले। इस अवसर पर कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई, जिसमें महंगाई और अन्य समस्याओं का उल्लेख हुआ। साथ ही, उपस्थित व्यक्तियों ने देश में फैलती नफरत की कड़ी आलोचना की और कहा कि आज के समय में हमें सभी को मिलकर एकजुट होकर देश की प्रगति के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल नेताओं और व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि हमें आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना होगा और समाज को बांटने वाले तत्वों से बचकर हम सबको एक साथ मिलकर चलने की आवश्यकता है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बुलंदशहर पुलिस ने हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और 22,000 रुपये का अर्थदंड दिलवाया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। अभियुक्त प्रभात उर्फ गट्टा को वर्ष 2012 में अपने ही गांव के रामपाल सिंह की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में आजीवन कारावास और 22,000 रुपये के अर्थदंड की सजा दिलवायी गई। घटना 02 जनवरी 2012 की है, जब अभियुक्त ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम बीघेपुर में रामपाल सिंह की हत्या की थी। इस मामले में 02 जनवरी 2012 को मुअसं-02/2012 धारा 302, 34, 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने 25 अप्रैल 2012 को आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। इस मामले को ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत विशेष निगरानी में लिया गया, और मॉनीटरिंग सैल बुलंदशहर ने सशक्त पैरवी के साथ अभियोजन की कार्यवाही पूरी की। मामले में 09 गवाहों की गवाही के बाद न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार शर्मा ने अभियुक्त प्रभात उर्फ गट्टा को दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारावास और 22,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस सफलता में अभियोजन पक्ष के वकील श्री देवेन्द्र सिंह और श्री प्रवीण कुमार का योगदान सराहनीय रहा। यह घटना बुलंदशहर पुलिस की प्रतिबद्धता को उजागर करती है, जो ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को दंडित करने में निरंतर प्रयासरत है।

# भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस के पद चिह्नों पर चल रही है आम आदमी पार्टी -भजनलाल



नई दिल्ली । राजस्थान के मुख्यमंत्री पर भजनलाल शर्मा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस के पद चिह्नों पर चल रही है और इसके लोग भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गए हैं। श्री शर्मा सोमवार को दिल्ली के द्वारका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रद्युम्नआ सिंह राजपूत के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप पार्टी के लोग खुद को ईमानदारी का जनक बताते थे लेकिन सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गए और आप भी कांग्रेस के पद चिह्नों पर चल रही है। ये लोग जाति और धर्म की बात करते हैं, लेकिन भाजपा सबका साथ, सबका विकास की राह पर चलते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता को झूठे सपने दिखाकर सत्ता में आई और दिल्ली में भ्रष्टाचार का मॉडल दिया। क्लासरूम बनाने के नाम पर इन्हों ने 1300 करोड़ रूपये का घोटाला किया। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी 65 हजार फर्जी लैब परीक्षण कर 300 करोड़ रूपये का घोटाला किया। साथ ही, इन्होंने 2,800 करोड़ रूपये का शराब घोटाला भी किया। घोटालों के कारण इनके विधायक, मंत्री ही नहीं मुख्यमंत्री भी जेल गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा, महिला, किसान और मजदूर को आगे बढ़ाने और सम्मान देने का काम किया है। उनके नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद गरीब कल्याण, देश के विकास, आतंकवाद-नक्सलवाद के खात्मे और दुनिया में भारत के बढ़ते गौरव के रूप में हमने देश में आया परिवर्तन देखा है। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थागन, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी भाजपा की डबल इंजन की सरकारें अपने घोषणा पत्रों के वादे पूरे करते हुए लगातार जनहित और विकास के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली का बुरा हाल है। यह 'दिया तले अंधेरा' जैसी स्थिति है। श्री शर्मा ने कहा कि केजरीवाल और उनकी पार्टी का रवैया पूरी तरह महिला विरोधी है। अपनी ही पार्टी की महिला सांसद को घर बुलाकर अभद्रता की गई। जब वे अपनी पार्टी की महिला सांसद को सुरक्षा नहीं दे सकते, तो दिल्ली की आम महिलाओं की स्थिति का क्या होगा, यह हम सब समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान यमुना के गंदे और झाग भरे पानी में महिलाओं को खड़ा होना पड़ा। आप के नेता अपनी पत्नी के साथ हिंसा करते हैं और केजरीवालजी चुप्पी साधे रहते हैं। आम आदमी पार्टी लोकपाल लाने की बात कहती थी, मगर अपने वादे पर खरी नहीं उतरी। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील करते हुए कहा कि हम एक मटका भी खरीदकर लाते हैं तो उसे अच्छी तरह ठोक बजाकर देखते हैं। इसी प्रकार पांच साल के लिए सरकार चुनते समय भी हमें अपने हितों के बारे में सोच-समझकर वोट देना चाहिए।

# महाकुंभ से लौटी नीली आंखों वाली मोनालिसा, अब फिल्मों में आएगी नजर?



खरगोन । महाकुंभ में माला बेचने वाली मोनालिसा खूब सुर्खियां बटोरने के बाद वापस अपने शहर महेश्वर आ गई है। घर पहुंचकर मोनालिसा खुश है। महाकुंभ में नशीली आंखों वाली मोनालिसा का वीडियो काफी वायरल हुआ। इसके बाद उसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। फिर मोनालिसा कुंभ छोड़कर घर आ गई है। मोनालिसा का कहना है कि कुंभ में तबियत भी खराब हो गई थी। माला बेचने का काम पूरी तरह प्रभावित हो गया। अभी उधार लेकर घर लौटी है। उसका कहना है कि परिवार इजाजत देगा तो जरूर फिल्मों में काम करूंगी। गौरतलब है कि कुंभ मेले में अपनी खूबसूरत आंखों की वजह से फेमस हुई मध्य प्रदेश के महेश्वर की रहने वाली मोनालिसा सोशल मीडिया सेंसेशन बन गई। महाकुंभ में देश और दुनिया के तमाम लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन महाकुंभ में माला बेचने वाली महेश्वर की मोनालिसा अपनी आंखों और मुस्कान को लेकर लोग उसके दीवाने हो गए थे उसे देखने लिए उसके आसपास ही मंडराते रहते थे सोशल मीडिया पर छाई हुई थी। सेलीब्रेटी बनने के बाद अब मोनालिसा फिल्मों में करियर बनाना चाहती है। चर्चा है कि फिल्म से जुड़े लोग उसके परिजनों से संपर्क में हैं। कुंभ से मोनालिसा का वापस लौटने का यह भी कारण यही माना जा रहा है। कंठी मालाएं बेचने वाली मोनालिसा अपने परिवार के करीब 50 लोगों के साथ महाकुंभ गई थी। महाकुंभ में लोग मोक्ष प्राप्ति के उपाय जानने और अपने पापों की शुद्धि के लिए आते हैं, लेकिन कई लोग मोनालिसा को देखने भी पहुंच रहे थे। मोनालिसा की मालाएं कितनी बिकी यह तो नहीं मालूम, लेकिन कई लोगों ने उसके साथ सेल्फी जरूर ली है। नीली आंखों वाली मोनालिसा सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गई। लोग उसकी तुलना फिल्म एक्ट्रेस से करने लगे। मोनालिसा 2 भाई और 2 बहनों में सबसे छोटी है।

उसने भाई की पढ़ाई के लिए अपनी पढ़ाई छोड़ दी और घर की जिम्मेदारी संभाल ली। मोनालिसा खरगोन जिले में महेश्वर की रहने वाली है। खूबसूरत फिल्मी गीतों के बैकग्राउंडर वाले उसके कई वीडियो वायरल हुए हैं। लोगों का कहना है कि किसी फिल्मकार की नजर पड़ गई तो वह जल्द फिल्मों में दिखाई देगी।

# प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से मनमाने दाम वसूल रही हैं विमान कंपनियां - राघव चड्डा

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए फ्लाइट किराए कम करने की सरकार से अपील करते हुए ये सवाल उठाया है कि जिन फ्लाइट में आम दिनों में टिकट 5 से 6 हजार का होता था, वह 50 से 60 हजार का मिल रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि इस किराए पर कैंपिंग लगाई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंचकर अपनी भागीदारी दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है। आज जब 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, तब देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों करोड़ों लोग स्नान, साधना और तपस्या करने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, मगर हैरानी की बात यह है कि आस्था और पवित्रता के महापर्व को एयरलाइंस ने, यानी की फ्लाइट कंपनियों ने, अपनी मनमानी कमाई के अवसर में तब्दील कर दिया है। सामान्य दिनों में प्रयागराज की फ्लाइट का खर्च 5 से 8 हजार हुआ करता था। आज वही फ्लाइट आपको 50 से 60 हजार रुपए तक की खरीदनी पड़ रही है। यानी की फ्लाइट कंपनियां श्रद्धालुओं से मनमाने रेट वसूल रही हैं। ऐसे में लाखों श्रद्धालु जो महाकुंभ जाना चाहते थे, आज उन्हें निराश होना पड़ रहा है। यह कंपनियां फायदे के चक्कर में ठीक नहीं कर रही हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि मेरी सभी श्रद्धालुओं की ओर से सरकार से यह मांग है और मैं निवेदन करता हूं कि सरकार इन एयरलाइंस की मनमानी पर रोक लगाए, कार्रवाई करें और कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए किफायती फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध करवाए। फ्लाइट की प्राइसिंग में कैंपिंग इंट्रोड्यूस करें। श्रद्धालुओं की सेवा से बड़ा धर्म कुछ नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि पहले जब सदन में हमने एयरपोर्ट पर मिल रहे महंगे खाने का मुद्दा उठाया था, तब सरकार के कानों तक हमारी बात पहुंची और यात्रियों के लिए किफायती कैंटीन सस्ते दाम पर मिलने वाली उड़ान कैंटीन की व्यवस्था शुरू की गई। इसलिए आज भी मैं उम्मीद करता हूं कि हमारी यह विनती सरकार तक पहुंचेगी और महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को सस्ती फ्लाइट्स की सुविधा एयरलाइंस द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बागपत हादसे का योगी ने लिया संज्ञान, घायलों के इलाज के निर्देश

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत जिले में मंगलवार सुबह हुये हादसे का संज्ञान लेते हुये घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। श्री योगी ने बागपत में हुए हादसे का संज्ञान लिया और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। गौरतलब है कि बागपत के बड़ौत कस्बे में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू चढ़ाने को बनाये गये लकड़ी व बांस के पैड के टूट कर गिरने से कई श्रद्धालु घायल हो गये थे। मौके पर जिला और पुलिस प्रशासन की देखरेख में राहत एवं बचाव का कार्य जारी है।

### रायबरेली में सड़क हादसा, चार मरे

रायबरेली । उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के भदोखर इलाके में मंगलवार सुबह कुम्भ स्नान करने जा रहे कार सवार चार लोगों की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मृत्यु हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे क्वालिस गाड़ी सवार चार लोगो की भदोखर इलाके के मुंशीगंज के दरियापुर डाइवर्जन के पास ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौत हो गयी। यह सभी लोगो कुम्भ स्नान करने जा रहे थे। मृतको की पहचान आशीष द्विवेदी (45), दीपेंद्र सिंह (40), माया (45) और रजनी (70) के तौर पर की गयी है। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति का एम्स में इलाज चल रहा है। कार में कुल नौ लोग सवार थे जिनमें चार बाल बाल बच गये हैं।

### ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लाला लाजपत राय का जनजागरण अभियान अविस्मरणीय - योगी आदित्यनाथ

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उनका जनजागरण अभियान अविस्मरणीय है। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय ने अपने उत्कृष्ट राष्ट्रवादी विचारों से आजादी के आंदोलन को नई दिशा प्रदान की थी। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उनका जनजागरण अभियान अविस्मरणीय है। योगी ने कहा, 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत में हुआ था। भारत के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राय को 'पंजाब केसरी' भी कहा जाता है। वर्ष 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में हिस्सा लेने के दौरान लाठीचार्ज में घायल होने के बाद 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया था।

### लखनऊ में अपनी पत्नी और चार बेटियों की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस ने पत्नी और चार बेटियों समेत अपने परिवार के पांच लोगों की हत्या करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चारबाग इलाके में होटल शरणजीत में 31 दिसंबर को अपने बेटे अरशद की मदद से अपने परिवार की हत्या करने वाले बदरुद्दीन उर्फ बदर को सोमवार को पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने जहरीला पदार्थ खाने की भी कोशिश की, लेकिन तत्काल चिकित्सा सहायता के बाद वह सुरक्षित है। कथित तौर पर पिता-पुत्र के हाथों मारे गए लोगों में बदर की पत्नी आसमां (49) और उसकी बेटियां आलिया (9), अलशिया (19), अक्सा (16) और रहमीन (18) शामिल हैं। अरशद ने अपने गृहनगर आगरा में अपने समुदाय के कुछ स्थानीय लोगों द्वारा भूमि विवाद को लेकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था, जिसके कारण क्षुब्ध होकर उसने अपराध करने का दावा किया था। पांच हत्याओं का मामला एक जनवरी को सामने आने के तुरंत बाद आरोपी मोहम्मद अरशद को गिरफ्तार कर लिया गया था। सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो में अरशद ने अपनी बहनों और मां की कलाई और गला रेतने की बात कबूल की। उसने दावा किया कि मोहल्ले के लोगों के उत्पीड़न के कारण उसने यह कदम उठाया। अरशद ने कहा था, 'मैं और मेरा पूरा परिवार लाचारी और निराशा में यह कदम उठाने को मजबूर हैंज् मैंने अपनी बहनों और मां को खुद को मार डाला है। जब पुलिस को यह वीडियो मिले तो मैं अनुरोध करता हूं कि वे इस सब के लिए मोहल्ले के लोगों को जिम्मेदार ठहराएं।' पुलिस ने बदरुद्दीन उर्फ बदर के बारे में जानकारी देने वाले को 25 हजार रुपये का इनाम देने का ऐलान किया था और उसकी तस्वीरें भी जारी की थीं। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया था।

### अयोध्या और प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की संभावना, प्रशासन ने रूट किए डायवर्ट

बाराबंकी । मौनी अमावस्या पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज और अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मंगलवार को अयोध्या के रामपथ पर भारी तादाद में श्रद्धालु दिखे। सभी श्रद्धालु हनुमानगढ़ी की ओर बढ़ रहे थे। हनुमान जी के दर्शन करने के बाद सभी श्रद्धालु श्रीराम के दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे। यहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की वजह से प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। किसी यात्री को परेशानी न हो, इसलिए नया घाट से श्रीराम हॉस्पिटल के बीच डिवाइडर लगाया गया है, जिससे भीड़ को कंट्रोल किया जा सके। मौनी अमावस्या के दिन श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुंच सकती है। रामपथ से सरयू नदी के बीच के रास्ते पर भी भीड़ को डायवर्ट किया जा रहा है। वहीं, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में एक अनुमान के अनुसार करोड़ों श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए पहुंचेंगे। इसके लिए प्रशासन ने सारी तैयारी कर ली है। पुलिस प्रशासन ने रूट भी डायवर्ट किया है। इधर,अयोध्या में भारी भीड़ को देखते हुए बाराबंकी-लखनऊ-अयोध्या हाईवे मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। हाईवे पर करीब 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया था। जाम की वजह से लोगों को काफी परेशानी हुई थी। बाराबंकी के एसडीएम जगत साईं ने बताया कि रूट डायवर्ट किया गया है। अयोध्या जाने वाले वाहनों को गोंडा-पूर्वांचल की तरफ डायवर्ट किया गया है। मंगलवार की सुबह शहर के चौपुला चौराहे पर पुलिस द्वारा वाहनों को बहराइच हाईवे की तरफ डायवर्ट किया गया, जिससे जाम की स्थिति पैदा हुई। सफदरगंज में 4 किलोमीटर लंबा जाम लगा तो वहीं रामनगर में घंटों वाहन फंसे रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 30 जनवरी तक रूट डायवर्ट रह सकता है। बताया जा रहा है कि लगातार अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच रही है। जिसकी वजह से यातायात में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार, बाराबंकी-अयोध्या और बहराइच दोनों हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ा है। जिसकी वजह से वाहनों को डायवर्ट रूट पर भेजा जा रहा है। इससे हाईवे पर वाहनों का दबाव कम हो सकेगा।

### हरदोई में भीषण सडक हादसा, पिता पुत्र की मौत पत्नी गम्भीर रूप से घायल

हरदोई । कोतवाली बघौली के अंतर्गत खजूरमई स्थित हाइवे ओवरब्रिज पर स्कार्पियो व ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक महिला गम्भीर रूप से घायल हैं।जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने गम्भीर हालत में लखनऊ रिफर कर दिया है।

बीती देर रात हरदोई मार्ग पर खजूरमई तिराहे के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित एक ट्रक ने सामने आकर स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार रायबरेली जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के निवासी ललित सिंह जो की भारतीय सेना में तैनात हैं दिल्ली में पोस्टिंग बताई जा रही है। वह अपनी पत्नी रेशु सिंह जो की महिला कांस्टेबल के पद पर शाहजहांपुर पुलिस लाइन में तैनात हैं राजा सिंह अपनी पत्नी व बेटे लक्ष्य को लेकर स्कॉर्पियो से घर रायबरेली जा रहे थे तभी यह हादसा बघौली थाना क्षेत्र में हुआ। सड़क हादसे में घायल रेशु सिंह और ललित व उनके बेटे लक्ष्य को सीएचसी कछौना पर लाया गया यहां डॉक्टरों ने ललित सिंह व मासूम लक्ष्य को मृत घोषित कर दिया है। रेशु सिंह की हालत खतरे से बाहर है।